इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव






## संभल में बाहरी लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध बढ़ा, अब इस दिन मिल सकती है एंट्री; छठे दिन इंटरनेट सेवा बहाल

संभल। बीती 24 नवंबर को जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान हुई हिंसा के बाद तहसील क्षेत्र में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई थी। शुक्रवार की शाम इंटरनेट शुरू होने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

वहीं, संभल जिले में अनधिकृत बाहरी लोगों के प्रवेश पर लगे प्रतिबंध को ब?ा दिया गया है। अब 10 दिसंबर तक किसी भी दल के जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठन के पदाधिकारी का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है। ऐसे में शनिवार को संभल आ रहे सपा का प्रतिनिधिमंडल को प्रवेश से रोका जा सकता है।

### शाम चार बजे इंटरनेट सेवा बहाल

इंटरनेट बंद होने के कारण बैंकिंग, ऑनलाइन लेन-देन और साइबर से जुड़े अन्य कामकाज पूरी तरह बाधित हो गए थे। शुक्रवार को जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने के बाद प्रशासन ने



शाम चार बजे इंटरनेट सेवा फिर से चालू कर दी। सेवाएं शुरू होते ही फेसबुक, वॉट्सएप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सक्रियता बढ़ गई। छह दिनों तक डिजिटल संपर्क से कटे रहे लोग अब आसानी से अपने संदेश और जानकारियां साझा कर रहे हैं।

इंटरनेट सेवा ठप होने के कारण जिले में बैंकिंग गतिविधियों पर बड़ा असर पड़ा था। ऑनलाइन लेन-देन रुकने से बाजार और व्यापारियों को खासी परेशानियां झेलनी पड़ीं। इंटरनेट बहाल होते ही व्यापारिक गतिविधियां सामान्य होने लगीं और रुके हुए लेन-देन भी निपटाए जाने लगे। छात्रों और नौकरीपेशा लोगों ने भी ऑनलाइन कक्षाओं और कार्य से जुड़ी बाधाओं के दूर होने पर राहत महसूस की।

प्रशासन ने इंटरनेट सेवा बहाल करते हुए स्पष्ट किया है कि इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर फैलने वाली अफवाहों और भ्रामक पोस्ट पर सख्त नजर रखी जाएगी। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। स्थानीय निवासियों ने इंटरनेट सेवा बहाल करने के प्रशासनिक निर्णय का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि स्थिति सामान्य बनी रहेगी।

### मौलाना तौकीर हिरासत में लिए गए

उल्लेखनीय है कि बरेली जिले में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद मोहल्ला सौदागरान स्थित अपने आवास से मौलाना तौकीर संभल जाने को निकले। माहौल खराब होने की आशंका के चलते पुलिस ने सीबीगंज क्षेत्र में उन्हें कई समर्थकों के साथ रोककर हिरासत में ले लिया। शांतिभंग के मामले में चालान करने के एक घंटा बाद उन्हें छोड़ दिया। मौलाना तौकीर ने संभल पुलिस के साथ केंद्र और राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।

## विपक्षी सांसदों का जोरदार विरोध प्रदर्शन, संसद की कार्यवाही 2 दिसंबर तक स्थगित



नई दिल्ली। लगातार चौथे दिन दोनों सदनों में विपक्षी सांसदों की लगातार नारेबाजी के बीच आज यानी शुक्रवार 29 नवंबर 2024 को संसद की कार्यवाही 2 दिसंबर (सोमवार) तक के लिए स्थगित कर दी गई, जिससे कोई खास कामकाज नहीं हो सका। अडानी मुद्दे, मणिपुर और संभल में हिंसा को लेकर विपक्षी दलों के विरोध के बीच शीतकालीन सत्र की शुरुआत से ही संसद की कार्यवाही ठप है।

### इसकी सराहना नहीं की जा सकती- जगदीप धनखड़

सबसे पहले राज्यसभा को स्थगित किया गया, जिस पर राज्यसभा के सभापति और उपाध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने कहा, 'यह कार्रवाई जनता केंद्रित नहीं है। इसकी सराहना नहीं की जा सकती। हम हंसी का पात्र बन गए हैं और संसद में व्यवधान लोगों को नापसंद है।

हम बहुत खराब मिसाल कायम कर रहे हैं। हमारे काम जनता-केंद्रित नहीं हैं। हम अप्रासंगिकता की ओर बढ़ रहे हैं। नियम 267 को व्यवधान के हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है।÷ सभापति ने सदन के सामान्य कामकाज में व्यवधान पर अपनी गहरी पीड़ा और गहरा खेद व्यक्त किया।

### सरकार क्यों नहीं कर रही स्थगन का विरोध- जयराम रमेश

विपक्षी सदस्य लगातार अडानी मुद्दे, संभल हिंसा और मणिपुर की स्थिति पर सदन में चर्चा कराने की मांग कर रहे हैं और संसद में नारे लगा रहे हैं। इस बीच कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने केंद्र सरकार पर हमला किया और एक्स पर पोस्ट कर लिखा, 'बड़ा रहस्य यह है कि सरकार स्थगन का विरोध क्यों नहीं कर रही है। मोदानी मुद्दे पर संसद में एक और दिन की कार्यवाही विफल रही। आज दोनों सदनों की कार्यवाही कुछ ही मिनटों के बाद स्थगित हो गई। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### महाराष्ट्र में सियासी हलचल तेज

## एकनाथ शिंदे अचानक अपने गांव सातारा रवाना, महायुति की बैठक रद्द



मुबंई। महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री पद को लेकर असमंजस जारी है। इसी बीच कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आज 29 नवंबर को अपने सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए। शिंदे अचानक सातारा जिले स्थित अपने गांव के लिए रवाना हो गए हैं। बताया जा रहा है कि भाजपा और महायुति के बीच सीएम और डिप्टी सीएम पद को लेकर खींचतान हो रही है। शिंदे की गुट वाली शिवसेना ने अब डिप्टी सीएम पद के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया है।

### शिवसेना नेता बोले- केंद्र में मंत्री नहीं बनेंगे एकनाथ

महाराष्ट्र के सियासी गलियारों में चर्चा है कि शिंदे अपने गांव जाकर भाजपा को फैसला लेने के लिए और वक्त देना चाहते हैं। सूत्रों के मुताबिक, शिंदे भाजपा के फैसले के आधार पर अपनी अगली रणनीति तैयार करेंगे। इस बीच शिवेसना शिंदे गुट के नेता संजय शिरसाट ने कहा कि शिंदे केंद्र में मंत्री नहीं बनेंगे। अगर बीजेपी की ओर से शिंदे को डिप्टी सीएम पद ऑफर किया जाता है और शिंदे इसे स्वीकार नहीं करते हैं तो यह पद शिवसेना के किसी नेता को दिया जाएगा।

### दिल्ली में शाह और नड्डा संग हुई बैठक

गुरुवार रात एकनाथ शिंदे, देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार ने दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ करीब ढाई घंटे की बैठक की। शिंदे ने शाह के साथ अलग से भी बातचीत की। बताया जा रहा है कि इस दौरान पोर्टफोलियो बंटवारे को लेकर चर्चा हुई। शिंदे ने अपनी सिफारिशें शाह को सौंपीं और अब भाजपा के निर्णय का इंतजार कर रहे हैं।

### डिप्टी सीएम पद का ऑफर, सस्पेंस बरकरार

सूत्रों के मुताबिक, भाजपा हाईकमान ने शिंदे को डिप्टी सीएम या केंद्र में मंत्री पद का विकल्प दिया है। शिवसेना नेता संजय शिरसाट ने कहा कि अगर शिंदे इस प्रस्ताव को स्वीकार नहीं करते तो पार्टी के किसी अन्य नेता को यह जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। हालांकि, शिंदे का रुख अभी स्पष्ट नहीं हुआ है।

### भाजपा विधायक दल की बैठक टली

शुक्रवार को मुंबई में प्रस्तावित भाजपा विधायक दल की बैठक अब 1 दिसंबर को होगी। इस बैठक में दो ऑब्जर्वर्स की मौजूदगी में मुख्यमंत्री पद के नाम पर अंतिम मुहर लगेगी। इसके बाद महायुति की एक संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक के बाद ही नए सीएम के नाम का ऐलान किया जा सकता है। भाजपा किसी मराठा नेता को सीएम बनाने पर भी विचार कर सकती है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पूर्व मुख्यमंत्री पनीरसेल्वम को राहत, सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई रोक



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने अन्नाद्रमुक से निष्कासित नेता और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री ओ. पनीरसेल्वम को राहत देते हुए मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश पर शुक्रवार को रोक लगा दी, जिसमें उन्हें (पूर्व मुख्यमंत्री) और उनके परिवार के सात सदस्यों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले को बहाल किया गया था।

न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ ने श्री पनीरसेल्वम और अन्य की याचिकाओं पर उच्च न्यायालय के आदेश को निलंबित करने संबंधी अपना आदेश पारित किया। शीर्ष अदालत ने इस मामले में अभियोजन एजेंसी सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (डीवीएसी) को भी नोटिस जारी किया। उच्च न्यायालय न्यायमूर्ति एन आनंद वेंकटेश ने स्वत~संज्ञान लेते हुए 29 अक्टूबर 2024 को निचली अदालत के उस आदेश को खारिज कर दिया था, जिसमें अभियोजन पक्ष को श्री पनीरसेल्वम और अन्य के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले वापस लेने की अनुमति दी गई थी। निचली अदालत ने तीन दिसंबर, 2012 को आरोपियों को आरोपमुक्त कर दिया गया था। शीर्ष अदालत ने पाया कि उच्च न्यायालय ने अभियोजन पक्ष के आदेश को वापस लेने में हस्तक्षेप किया था। पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय ने विशेष अदालत को इस टिप्पणी के साथ आरोप तय करने का निर्देश दिया था कि प्रथम दृष्ट्या जरूरी साक्ष्य उपलब्ध हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के इन आदेशों के बाद आरोपियों को विशेष अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया गया था। पीठ ने याचिकाकर्ताओं द्वारा पेश किए गए इस बयान को दर्ज किया कि उच्च न्यायालय ने सीआरपीसी के तहत प्रदत्त शक्तियों का अधिग्रहण किया और फैसला किया कि विशेष न्यायाधीश को आरोप तय करने चाहिए।

उच्च न्यायालय ने निचली अदालत के 2012 के उस आदेश को रद्द कर दिया था, जिसमें सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## शिल्पा शेट्टी-राज कुंद्रा के घर-ऑफिस पर ईडी का छापा, पोर्नोग्राफी मामले में एक्शन



मुम्बई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राज कुंद्रा के घर एवं उनके करीबियों के यहां छापेमारी की है, राज कुंद्रा बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति हैं। ईडी ये कार्रवाई पोर्नोग्राफी मामले में की है, यह छापेमारी उनके घर, दफ्तर और अन्य ठिकानों पर हुई है, पोर्नोग्राफी का यह मामला कई साल पुराना है, जानकरी के अनुसार, ईडी पोर्न रैकेट केस में सिर्फ राज कुंद्रा ही नहीं कई अन्य लोगों के घरों की भी तलाशी कर रही है, ये कार्रवाई मोबाइल ऐप के जरिये पोर्न कॉन्टेंट बनाने और सर्कुलेशन से जुड़ी है, यह जांच मुंबई पुलिस के 2021 वाले केस पर आधारित है।

### पैसे के ट्रांजैक्शन की हो रही है जांच

जानकारी के अनुसार, ईडी की टीम ने इस मामले में कुल 15 जगहों पर छापेमारी की है, दरअसल इस मामले में पैसे जो देश मे इकट्ठा हुए थे, इन वीडियो के माध्यम से उसका ट्रांजेक्शन विदेश में हुआ था, इस तरह से एक जगह से दूसरी जगह के बार और बड़ी मात्रा में पैसे गए थे जिसकी जांच अब श्नष्ठ ने शुरू की है।

### 2021 में गिरफ्तार हुए थे राज कुंद्रा

राज कुंद्रा को जुलाई 2021 में क्राइम ब्रांच ने जुलाई 2021 में गिफ्तार किया था. इस मामले में सिटी कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी थी. राज कुंद्रा अपने आप पर लगे सभी आरोपों को गलत बता चुके हैं, इस मामले में वो दो महीने जेल में भी रहे थे। राज कुंद्रा इन दोनों अजय भारद्वाज से जुड़े बिटकॉइन धोखाधड़ी से संबंधित एक अलग मनी लॉन्ड्रिंग जांच के दायरे में हैं, ईडी ने शिल्पा शेट्टी के जुहू वाले बंगले को जांच करने के लिए कब्जे में ले रखा है।

## मल्लिकार्जुन खड़गे बोले - कांग्रेस को जमीन पर मजबूत करने, जवाबदेही तय करने के लिए लेने होंगे सख्त फैसले



नई दिल्ली। महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों में हार के बाद आज 29 नवंबर को दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक हुई। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्वीकार किया कि हमारे लिए महाराष्ट्र में 2019 के लोकसभा चुनाव में मजबूत प्रदर्शन के बावजूद नतीजे निराशाजनक रहे। खड़गे ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस को राजनीतिक विरोधियों द्वारा फैलाए गए 'प्रोपेगंडा और मिस इन्फॉर्मेशन' का मुकाबला करने और कांग्रेस के अंदर अनुशासन बनाए रखने के लिए एक रणनीति तैयार करनी जरूरी है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने बैठक में यह भी कहा कि कांग्रेस अब पुराने तौर-तरीकों पर और ज्यादा निर्भर नहीं रह सकती है। पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और संगठन के भीतर जवाबदेही तय करने के लिए कड़े फैसले लेना पड़ेगा। उन्होंने पार्टी नेताओं से एकजुटता बनाए रखने और खुलेआम एक-दूसरे की आलोचना से बचने की अपील की है। खड़गे ने कहा- अगर हम एकजुट होकर चुनाव नहीं लड़ेंगे, तो विरोधियों को कैसे हराएंगे?

### चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाए

कांग्रेस प्रेसिडेंट खड़गे ने चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर चिंता जताते हुए कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के इस्तेमाल ने चुनावों को 'संदिग्ध' बना दिया है। उन्होंने चुनाव आयोग से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने की अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी निभाने की मांग की।

### चुनाव परिणामों पर आत्ममंथन

महाराष्ट्र में कांग्रेस के प्रदर्शन पर खड़गे ने स्वीकार किया कि नतीजे निराशाजनक रहे, जबकि 2019 के लोकसभा चुनावों में पार्टी ने बेहतर प्रदर्शन किया था। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन चार में से दो राज्यों में सरकार बनाने में सफल रहा, लेकिन कांग्रेस की स्थिति उम्मीद से कम रही। उन्होंने पार्टी के हालिया चुनावी प्रदर्शन पर कहा- 'हमारे अनुकूल राजनीतिक माहौल के बावजूद हम इसे परिणामों में तब्दील क्यों नहीं कर पाए? खड़गे ने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने, बूथ स्तर से लेकर एआईसीसी तक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सरकार की बड़ी पहल : आत्मसमर्पित नक्सलियों और पीड़ित परिवारों को मिलेगा मकान केंद्र ने स्वीकृत किए 15,000 आवास




रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ित परिवारों के पुनर्वास के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री श्री साय की पहल पर केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत 15,000 आवासों की स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले आत्मसमर्पित नक्सलियों और पीड़ित परिवारों को मुख्यधारा में जो?ने के लिए यह पहल एक ब?ा कदम है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 15,000 आवास केवल मकान नहीं बल्कि उन परिवारों के लिए सम्मान और सुरक्षा का प्रतीक होंगे। हमारी सरकार इस योजना को पूरी पारदर्शिता और तत्परता के साथ लागू करेगी। उन्होंने कहा कि यह योजना प्रदेश के विकास और शांति स्थापना की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने कहा कि नक्सल पीड़ित परिवारों और आत्मसमर्पित नक्सलियों को बेहतर जीवन देने के लिए हमारी सरकार संकल्पबद्ध है। पीड़ित परिवारों को आवास मिल जाने से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों को एक सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन प्रदान करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। यह योजना सामाजिक समरसता और विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक होगी।

### वास्तविक जरूरतमंदों को मिलेगा लाभ : शर्मा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि, इस योजना में विशेष रूप से उन परिवारों को शामिल किया जाएगा जिनका नाम सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना 2011 और आवास प्लस 2018 की सूची में शामिल नहीं था। इन नामों को 6 दिसंबर 2024 तक आवास प्लस पोर्टल पर अपलोड करने की अनुमति केंद्र सरकार द्वारा दी गई है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से मिलकर आत्मसमर्पित नक्सलियों एवं नक्सल पी?ित परिवारों हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास देने की स्वीकृति हेतु निवेदन किया था परिणामस्वरूप 15 हजार आवास की स्वीकृति भारत सरकार से दी गयी है।

### एसपी और सीईओ देंगे लाभार्थियों की सूची

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि, इस विशेष परियोजना के तहत पुलिस अधीक्षक जिले के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) जिला पंचायत को आत्मसमर्पित (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 'किस-किस ने देखी और दिखाई द साबरमती रिपोर्ट', शीर्ष नेतृत्व के सवाल पर भाजपा नेताओं के छूटे पसीने




भोपाल। गोधरा कांड पर आधारित फिल्म द साबरमती रिपोर्ट का व्यापक प्रचार-प्रसार न होने से भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व नाराज है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग ने मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों से जानकारी मांगी है कि किन नेताओं ने फिल्म देखी और अन्य लोगों को दिखाई है।

दरअसल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस फिल्म की प्रशंसा कर लोगों से इसे देखने की अपील की थी। इसके बाद भाजपा ने पार्टी के सभी सांसदों, विधायकों और जनप्रतिनिधियों से फिल्म देखने और लोगों को दिखाने का निर्देश दिया था।

### पीएम ने की थी तारीफ

पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में फिल्म की तारीफ करते हुए कहा था कि बिल्कुल सही। यह अच्छी बात है कि सच सामने आ रहा है और वह भी इस तरह से कि आम लोग इसे देख सकें। एक फर्जी कहानी केवल कुछ समय के लिए ही कायम रहती है। अंत में, फैक्ट्स सामने आ जाते हैं।

### मध्यप्रदेश में टैक्स फ्री गई थी फिल्म

मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पहले इसको राज्य में टैक्स फ्री किया और बाद में कैबिनेट सहयोगियों के साथ फिल्म भी देखी। उनके साथ भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा भी थे। इनके अलावा मध्य प्रदेश में बहुत कम ऐसे नेता हैं, जिन्होंने फिल्म के प्रचार-प्रसार में रुचि दिखाई हो।

तरुण चुग ने फिल्म देखने, दिखाने की जानकारी के अलावा यह भी पूछा है कि फिल्म देखकर इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म पर फोटो और संदेश किन लोगों ने अपडेट किया। इस पत्र के बाद संगठन को जवाब देने में पसीना छूट रहा है, क्योंकि जिस फिल्म के प्रचार-प्रसार के लिए स्वयं पीएम मोदी ने अपील की हो, उसे भी नेताओं ने गंभीरता से नहीं लिया। हालांकि, कुछ शहरों में भाजपा नेताओं ने यह फिल्म दिखाई। इंदौर में भाजपा और हिंद रक्षक संगठन के कार्यकर्ताओं ने फिल्म दिखाई। पार्टी संगठन ने सभी बड़े नेताओं के और अन्य प्लेटफॉर्म की भी पड़ताल करवाई कि उन्होंने इन निर्देश के बाद द साबरमती रिपोर्ट के प्रचार-प्रसार में क्या योगदान किया।

## बिरसा मुंडा के परपोते मंगल मुंडा का निधन



### श्रद्धांजलि देने पहुंचे सीएम हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री साय ने जताया दुख

रांची। आदिवासी नेता बिरसा मुंडा के पड़पोते मंगल मुंडा का निधन हो गया। उन्होंने रांची के अस्पताल राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में रात साढ़े 12 बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन से सियासी गलियारे में शोक की लहर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से लेकर कई नेताओं ने दुख जताया। पीएम ने मुंडा के निधन को झारखंड आदिवासी समाज के लिए बड़ा नुकसान बताया।

### पीएम मोदी ने जताया दुख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, 'स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा के परपोते मंगल मुंडा के निधन से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# शहनाईयों की गूंज के बीच परिणय सूत्र में बंधे 25 जोड़े, यज्ञावेदी के लिए गए सात फेरे

## वैवाहिक आयोजनों की बनी भरमार, शहर के दुकानों में उमड़ रही भीड़, बाजार हुआ गुलजार





राजनांदगांव (दावा)। शासन की मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सतनाम भवन राजनांदगांव में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री कन्या विवाह के अंतर्गत सामुहिक विवाह में 25 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत प्रति जोड़े 50 हजार रूपए का प्रावधान किया गया है। जिसमें विवाह आयोजन व्यवस्था एवं परिवहन पर 8 हजार रूपए, उपहार सामग्री पर 7 हजार रूपए और कन्या को 35 हजार रूपए उनके खाते में अंतरित किया गया है। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में शामिल होने वाले परिवार अपनी सामाजिक और धार्मिक रीति-रिवाज एवं परंपरा के तहत विवाह संपन्न कराया गया। उन्होंने कहा कि समाज के जरूरतमंद महिलाओं को जागरूक नागरिक की भांति समाज में उसकी सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी एन.एस.रावटे, अधिकार-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका तथा बड़ी संख्या में परिवारजन उपस्थित थे।

बता दें कि नवंबर-दिसंबर माह में शादियों के मुहुर्त अधिक होने के कारण इन दिनों वैवाहिक आयोजनों की धूम बनी हुई है। जिले के महिला बाल विकास विभाग द्वारा शुक्रवार को 25 जोड़े का विवाह कराया गया। नए बस स्टैंड समीप स्थित सतनाम भवन में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विभाग के लोगों सहित एक दर्जन की संख्या में दुल्हा-दुल्हन व उनके घर-परिवार के लोगों की उपस्थिति बनी रही वहीं वर-वधु के रिश्तेदार व शुभचिंतकों के वैवाहिक आयोजन में शामिल होने से माहौल गुलजार बना रहा।

महिला बाल विकास विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत जिले के छुरिया ब्लाक में गरीब तबके की कन्या की विवाह हेतु 26 गरीब कन्याओं के विवाह का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन अब तक इस क्षेत्र में 11 निर्धन कन्याओं की शादी की जा चुकी है। इसी तरह डोंगरगढ़ ब्लाक में 30 का लक्ष्य तय किया गया है लेकिन यहां अभी तक 5 व डोंगरगांव ब्लाक में भी 30 निर्धन कन्याओं के विवाह के लक्ष्य की जगह अभी तक यहां मात्र 4 कन्याओं की शादी संपन्न की गई है। महिला बाल विकास विभाग की गुरुप्रीत कौर की माने तो राजनांदगांव ब्लाक में अभी तक 17 निर्धन कन्याओं की शादियां संपन्न की जा चुकी है। वर-वधु को बधाई एवं शुभकामनाएं देने के लिए जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतिक्षा भंडारी, जनपद सदस्य पुष्पा गायकवाड़ सहित अन्य सदस्य व जनप्रतिनिधि गण व विद्यमान थे।

शहर के युवा ज्योतिषी दिवाकर बाजपेई ने बताया कि नवंबर-दिसंबर माह में शादी-विवाह के थोक मुहूर्त बने हुए हैं। इस दोनों माह में जिले में करीबन 310 से अधिक शादियां होंगी। उन्होंने बताया कि 28 और 29 नवंबर को मुहुर्त के तहत शहर में ही दर्जनों शादियों संपन्न हुई। जिसमें से मुख्यमंत्री कन्या विवाह के तहत 12 जोड़े सतनाम भवन में परिणय सूत्र में आबद्ध हुए। कल से दिसंबर माह लगने के साथ 4, 5, 9 और 10, 14 व 15 दिसंबर, विवाह के लिए शुभ मुहूर्त है। उन्होंने बताया कि देव उठनी एकादशी पर्व को तुलसी विवाह के साथ ही शादी-विवाह का मौसम शुरू हो जाता है। मलमास लगने के पहले लगभग सभी शादियां संपन्न हो जाएगी। फिलहाल इस नवंबर व दिसंबर दोनों माह में शादियों के शुभ मुहूर्त होने से वैवाहिक आयोजनों की धूम बनी हुई है।

### प्रति कन्या 50 हजार किए गए खर्च

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत गरीब रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले परिवार, मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के हितग्राही मन में परिवार की प्रथम 2 कन्याओं को शासन द्वारा योजना का लाभ दिया जाना है। उक्त योजना के तहत प्रति कन्या 50 हजार रुपए व्यय करने का प्रावधान है। योजना के नवीन प्रावधानों के अनुसार वर-वधु को 35 हजार रुपए ड्राफ्ट/ बैंक खाते के माध्यम से प्रदाय किया जाना है तथा विवाह आयोजन पर प्रति जोड़ा 8 हजार रुपए के मान से तथा वर-वधु के कपड़े व अन्य सामग्री हेतु प्रति जोड़ा 7 हजार रुपए के मान से व्यय करने का प्रावधान है।

# गेंहू की फसल में तय मात्रा में फिटकरी का छिड़काव लाभप्रद- अशोक चौधरी



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा किसान नेता अशोक चौधरी ने गेंहू व धान की फसल के बाद खेती करने वाले किसानों को तय मात्रा में फसल में फिटकरी के छिड़काव को काफी लाभप्रद बताया है। उन्होंने किसानों को जानकारी देते हुए कहा कि कृषि वैज्ञानिकों ने खेतों में सुप्त अवस्था में पड़े हुए रसायनिक खाद को सक्रिय करने के लिए नया शोध किया है, जिसमें बताया गया है कि गेहूं की फसल में 1 से 2 किलो फिटकरी का छिड़काव करने से जमीन में जो फर्टिलाइजर सुषुप्त अवस्था में पड़ा हुआ है वह पौधों की जड़ों के माध्यम से फसल को प्राप्त हो सकता है।

किसान नेता ने बताया कि प्रथम सिंचाई के समय फिटकरी के डल्ले को पाइप के पास जहां से पानी निकलता है वहां पर एक कपड़े में बांधकर रख देना है जो पानी के साथ में घुलकर खेतों में पहुंच जाएगा और पौधों की जड़ों में पहुंचने के साथ जो रासायनिक खाद जमीन में जमा है वह सक्रिय होकर पौधों को जड़ों के माध्यम से मिल जाएगा। किसान भाई याद रहे की फिटकरी जमीन में मे ही जाना चाहिए। किसान भाई यदि घोल बनाकर स्प्रेयर के माध्यम से अथवा स्प्रिंकलर के माध्यम से पौधों के पत्तों पर डालेंगे तो फसल जल जाएगी इसलिए 2 किलो फिटकरी को पीसकर गेहूं बुवाई के पहले खेतों में छिड़काव कर दें अथवा पहली सिंचाई में पानी के माध्यम से पौधों की जड़ों में सिंचाई कर दें। इसका बहुत अच्छा परिणाम फसल उत्पादन में आएगा। ऐसा गेहूं अनुसंधान केंद्र के कृषि वैज्ञानिकों ने बताया है। उन्होंने बताया कि 2 किलो फिटकरी का दाम 100 रूपये के आसपास बनेगा। उक्त 100 रुपए में हजारों रुपए का फर्टिलाइजर का लाभ पौधे को मिलेगा। ऐसा करने में कोई नुकसान नहीं है गेहूं की पछेती खेती करने वाले अथवा धान फसल के बाद खेती करने वाले किसानों को खास तौर पर इसका उपयोग करना चाहिए।

# एनपीएस में भव्य बाल मेला संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान नीरज पब्लिक स्कूल, पेण्ड्री में विगत दिनों बाल-मेला का भव्य मनोरंजक आयोजन सम्पन हुआ, इस अवसर पर विविध सुस्वादु खाद्य सामग्रियों के साथ मनोरंजक खेलों के स्टॉल शाला के छात्र-छात्राओं द्वारा लगाये गए। आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. नरेश कटियारा (संचालक स्पर्श चाईल्ड केयर) एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ. श्रीमती दिशा कटियारा (बी.एच.एम.एस., डी.फार्मा) के हाथों हुआ इस अवसर पर निदेशकगण की तरफ से उपस्थित थी।

शाला के चेयरमेन संतोष अग्रवाल, मैनेजिंग डॉयरेक्टर कमलेश उभरानी एवं संतोष कांकरिया के साथ शाला की प्राचार्या सुश्री भारती गौते उपस्थित थी, सर्वप्रथम माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर पुष्पाहार व दीप प्रज्ज्वलन कर अतिथियों द्वारा इस रंगारंग कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मनोहारी बालमेला में जहां छात्र और पालक विभिन्न सुस्वादु व्यंजनों का आनंद उठाते देखे गए वही विभिन्न खेलों से सुस्सज्जित स्टॉल पर बच्चे मनोरंजन करते दिखे। इस अवसर पर झूलों तथा बच्चों के लिए मिक्की माउस जम्पिंग कुशन भी बच्चों के आकर्षण का केन्द्र रहे। इसी समय पालकों तथा आगत छात्रों द्वारा काराओके संगीत में अपनी प्रस्तुतियाँ प्रदान की गई और माहौल को सुरमई बना दिया। इस अवसर पर विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई जुड़वा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान में रूद्र झा तथा युवान झा द्वितीय स्थान पर राजकुमार झा एवं अकाय झा ने प्राप्त किया। एक रंग परिवार का पुरूस्कार दीपा चोपड़ा एवं परिवार को मिला द्वितीय सेजल बघेल एवं परिवार ने प्राप्त किया। किस्मत का खेल में प्रथम पुरस्कार तथा द्वितीय पुरूस्कार दिए गये।

आस्था मूकबधिर शाला के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत माता काली के असुर संहार पर आधारित नृत्य नाटिका ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। ज्ञात रहे कि उक्त नाटिका राष्ट्रीय स्तर पर भी पुरस्कृत हो चुकी है। कार्यक्रम का संचालन शाला के शिक्षकद्वय श्रीपाल गोलछा एवं मोनिका मदनानी द्वारा किया गया।

निर्णायकों श्रीमती अर्चना जैन व श्रीमती स्वीटी पंजवानी के रूप में विशेष अतिथिद्वय ने पूरे समय उपस्थित रहकर अपने सटीक निर्णयों से आयोजन की सफलता में अपना योगदान दिया। शालेय छात्रसंघ के छात्र-छात्राएं भी इस अवसर पर अपनी पारंपरिक वेशभूषा में उपस्थित थे। आयोजन को शाला प्राचार्या सुश्री भारती गौते के कुशल मार्गदर्शन में शाला प्रशासक विपित गौते एवं एकेडेमिक इंचार्ज दीपक लहरवानी के नेतृत्व ने अपनी पूरी उंचाईयों तक पहुंचा दिया। शाला के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित अकाउण्ट विभाग, खेल विभाग, संगीत, नृत्य एवं कला विभाग के शिक्षकों ने अपने अथक परिश्रम से आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया। निदेशक मंडल इस सफल आयोजन के लिए संपूर्ण शाला परिवार का आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी शाला के प्रचार-प्रसार प्रभारी अनुराग सक्सेना ने दी।

**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT**

**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER**
**MAHANADI GODAWARI BASIN RAIPUR (C.G.)**

e-PROCUREMENT TENDER NOTICE
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

**CORRIGENDUM No-01**

(1) IN NIT No.: 05/SAC/2024-25, Dated: 20.11.2024., System Tender No. 161245 (1st" Call), Whose G-Number is 242503945 Jated 22.11.2024
(2) IN NIT No.: 06/SAC/2024-25, Dated: 20.11.2024., System Tender No. 161247 (1st Call), Whose G-Number is 242503944/4dated 22.11.2024
following amendments are made :-

| S.No | Amendments |
|---|---|
| 1 | Clause 2.8.1 of Form-"B" as per Govt. of C.G. WRD, Raipur Order No. 4515/F-7-7/S-2/31/2001, Nava Raipur, Date 25.11.2024. |
| 2 | Clause 4.3.36 of Form-"B" as per Govt. of C.G. WRD, Raipur Order No. 4504/F-7-7/S- 2/31/2001, Nava Raipur, Date 22.11.2024. |

**Note:-** Detailed Amendments can be viewed on the web site https://eproc.cgstate.gov.in. All other terms and conditions of NIT will remain unchanged.

**Executive Engineer**
**Water Resources Barrage Division,**
**Dongargaon For, Chief Engineer,**
**Mahanadi Godavari Basin Ralpur (C.G.)**

**G-242504177/3**

**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT**

**OFFICE OF THE OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER**
**SHIVNATH CIRCLE DURG (CHHATTISGARH)**

**e-PROCUREMENT TENDER NOTICE**
**e-Procurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in**

CORRIGNEDUM No.- 02

**IN NIT No. 08/SAC/2024, Dated : 08.11.2024, System Tender No. 160829 (Ist Call), Whose G-Number is 242503692 dated 09.11.2024**
**following amendments are made :-**

| S.No. | Amendments |
|---|---|
| 1 | Clause 2.8.1 of form "B" as per Govt. of C.G. WRD, Raipur Order No. 4515/F-7-7/S-2/31/2001, Nava Raipur, Date 25.11.2024 |
| 2 | Clause 4.3.36 of form "B" as per Govt. of C.G. WRD, Raipur Order No. 4504/F-7-7/S-2/31/2001, Nava Raipur, Date 22.11.2024 |
| 3 | Online Tenders are invited up to 09.12.2024 at 17.30 Hour |
| 4 | Bid Open Start Date and time: 10.12.2024, 11.30 Hours |

**Note :- Detailed Amendments can be viewed on the web site https://eproc.cgstate.gov.in All other terms and conditions of NIT will remain unchanged.**

**Executive Engineer**
**Water Resources Division,**
**Chhuikhandan (C.G.)**
**For, Superintending Engineer Shivnath Circle, Durg (C.G.)**

**जी- 242504181/1**

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (छ.ग.)

क्रमांक 1118/1124/लोककर्म/ 2024-25 राजनांदगांव दिनांक 29/11/2024

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव द्वारा निम्न कार्यों हेतु पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय में निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

| क्रं. | कार्य का नाम | राशि (लाख में) | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | विधायक निधि से गायत्री शिक्षण समिति, कंचन बाग, राजनांदगांव में टीन शेड निर्माण कार्य । | 5.00 | 19/12/2024 |
| 2 | लोक शिक्षण मद से हाईस्कूल मोहड़ में छत मरम्मत कार्य । | 1.20 | 13/12/2024 |
| 3 | विधायक निधि योजनांतर्गत वार्ड क्रं. 24 शीतला वार्ड के सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। | 3.00 | 09/12/2024 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से एवं वेबसाईट www.mcrjn.com एवं www.uad.cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

आ.क्र. 146/ जसं./24

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम, राजनांदगांव**

**न्यायालय नजूल अधिकारी**
**राजनांदगांव (छ.ग.)**

## ईश्तहार

रा.मा क्र. 202411093800009
अ/20 (1) वर्ष 2024-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सरदार परमजीत सिंह आ. सरदार भागसिंह निवासी बल्देवबाग राजनांदगांव द्वारा मोहल्ला बल्देवबाग स्थित नजूल भूखण्ड कमांक 47/9 क्षेत्रफल 3780.00 वर्गफुट भूमि का शीट आबंटन कर निर्धारण पट्टा प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त आवेदन पत्र अनुसार आवेदित भूमि का भू भाटक निर्धारण कर आवेदिका के नाम पर पट्टा प्रदान किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा आपत्ति इस ईश्तहार के जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 08/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।
पेशी दिनांक -11/12/2024

**नजूल अधिकारी,**
**राजनांदगांव**

**न्यायालय नजूल अधिकारी**
**राजनांदगांव (छ.ग.)**

## ईश्तहार

रा.मा. क्र. 202411093800008
अ/20(1)वर्ष 2024-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका हरविंदर कौर ध.प. परमजीत सिंह निवासी बल्देवबाग, राजनांदगांव द्वारा मोहल्ला बल्देवबाग स्थित भूखण्ड कमांक 47/9-क क्षेत्रफल 1220.00 वर्गफुट भूमि का शीट आबंटन कर निर्धारण पट्टा प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त आवेदन पत्र अनुसार आवेदित भूमि का भू भाटक निर्धारण कर आवेदिका के नाम पर पट्टा प्रदान किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा आपत्ति इस ईश्तहार के जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर लिखित रूप में पेश कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप्त अक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 08/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।
पेशी दिनाक 11/12/2024

**नजूल अधिकारी,**
**राजनांदगांव**

## आज पदुमतरा से डुमरडीहकला तक बाइक रैली

राजनांदगांव (दावा)। ब्लॉक के पदुमतरा में आज 30 नवंबर दिन-शनिवार को श्रीराम-जानकी, शिव मंदिर से डुमरडीहकला तक भव्य बाइक रैली का आयोजन श्री राम मंदिर ट्रस्ट समिति, डुमरडीह कला सरपंच दिनेश सिंह ठाकुर एवं क्षेत्रवासियों द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

श्री राम मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने बताया आज 30 नवंबर दिन-शनिवार को दोपहर 2 बजे आचार्य पंडित युवराज पाण्डेय श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर का आगमन श्री राम मंदिर में होगा। सभी पूजा-अर्चना कर, बाजे-गाजे के साथ सैकड़ों बाइक रैली के माध्यम से पदुमतरा से डुमरडीहकला तक धर्मप्रेमी शामिल होंगे।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
1-5-7
589-2 260-8
राजधानी
5-6-0
789-4 234-9

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## परिसमापनाधीन समितियों की विशेष आमसभा सूचना

सर्व साधारण/निम्नांकित सहकारी समितियों के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित सहकारी समितियों को परिसमापन में लाये जाने की सूचना दिनांक 04.01.2024 को जिला प्रशासन राजनांदगांव के अधिकारिक वेबसाईट (https://rajnandgaon.nic.in) या (https://rajnandgaon.gov.in) में एवं कार्यालय के सूचना पटल में चस्पा कर दिनांक 31.01.2024 तक समिति का दस्तावेज/सम्पत्ति आदि हो तो तत्काल परिसमापक को सौंपने एवं दावा आपत्ति प्रस्तुत करने के संबंध में सूचना प्रकाशित किया गया था।

निर्धारित समयावधि में कोई भी दावा आपत्ति प्राप्त नहीं होने के कारण समिति को परिसमापन में लाये जाने की प्रक्रिया हेतु विशेष आमसभा का आयोजन निम्नानुसार समितियों के नाम के सम्मुख उल्लेखित तिथि एवं समय पर कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक-102 में रखा गया है। उक्त विशेष आमसभा में निम्न विषयों पर निर्णय लिया जावेंगा।

1-संस्था के लेनदारी, देनदारी का निपटारा।
2-शासकीय लेनदारी, देनदारी का निपटारा।
3-संस्था का पंजीयन निरस्त करना।
4-अन्य विषय परिसमापक की सहमति से।

| क्र. | समिति का नाम | पं.क्र | परिसमापक का नाम | आमसभा दिनांक | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दिनांक | समय |
| 1 | श्री लक्ष्मीनारायण खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 बजरंगपुर नवागांव | 709 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 16-12-2024 | 11:00 से 12:00 PM |
| 2 | भोरमदेव खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 बछेराभाठा | 731 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 16-12-2024 | 12:00 से 1:00 PM |
| 3 | मां शितला खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 बरगा | 733 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 16-12-2024 | 1:00 से 2:00 PM |
| 4 | जन सेवा खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 मोतीपुर | 739 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 16-12-2024 | 2:30 से 3:30 PM |
| 5 | जन सेवा खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 बजरंगपुर | 741 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 16-12-2024 | 3:30 से 4:30 PM |
| 6 | शिव शक्ति खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 चिखली | 744 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 16-12-2024 | 4:30 से 5:30 PM |
| 7 | जनहित खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 इन्दानगर | 748 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 17-12-2024 | 11:00 से 12:00 PM |
| 8 | एस. आर. खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 कंचनबाग | 749 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 17-12-2024 | 12:00 से 1:00 PM |
| 9 | एच.एस.आर. खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 नंदई | 750 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 17-12-2024 | 1:00 से 2:00 PM |
| 10 | श्री राधे खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 हमालपारा | 762 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 17-12-2024 | 2:30 से 3:30 PM |
| 11 | इंदिरा शक्ति खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 भेड़ीकला | 763 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 17-12-2024 | 3:30 से 4:30 PM |
| 12 | मां भवानी खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 पांगरीखुर्द | 768 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 17-12-2024 | 4:30 से 5:30 PM |
| 13 | जय मां खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 बसंतपुर | 770 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 19-12-2024 | 11:00 से 12:00 PM |
| 14 | श्री कृष्णा खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 बल्देवबाग | 787 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 19-12-2024 | 12:00 से 1:00 PM |
| 15 | चक्रवर्ती सम्राट अशोक खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 भरकापारा (राज.) | 818 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 19-12-2024 | 1:00 से 2:00 PM |
| 16 | सम्राट अशोक खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 बसंतपुर | 819 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 19-12-2024 | 2:30 से 3:30 PM |
| 17 | इंदिरा शक्ति खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 बोरी | 829 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 19-12-2024 | 3:30 से 4:30 PM |
| 18 | इंदिरा खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 नवागांव | 841 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 19-12-2024 | 4:30 से 5:30 PM |
| 19 | इंदिरा खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 मगरलोटा | 842 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 20-12-2024 | 11:00 से 12:00 PM |
| 20 | इंदिरा खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 सुन्दरा | 843 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 20-12-2024 | 12:00 से 1:00 PM |
| 21 | युवा शक्ति खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 इंदामरा | 859 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 20-12-2024 | 1:00 से 2:00 PM |
| 22 | इंदिरा शक्ति खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 पेण्ड्री | 865 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 20-12-2024 | 2:30 से 3:30 PM |
| 23 | मां भवानी खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 भर्रीटोला | 890 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 20-12-2024 | 3:30 से 4:30 PM |
| 24 | भाग्वी खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 राजनांदगांव | 892 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 20-12-2024 | 4:30 से 5:30 PM |
| 25 | इंदिरा खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 अंजोरा | 897 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 23-12-2024 | 11:00 से 12:00 PM |
| 26 | जनहित कारी खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 मोतीपुर | 906 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 23-12-2024 | 12:00 से 1:00 PM |
| 27 | इंदिरा शक्ति खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 जुरलाखुर्द | 908 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 23-12-2024 | 1:00 से 2:00 PM |
| 28 | राज खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 महावीर नगर | 915 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 23-12-2024 | 2:30 से 3:30 PM |
| 29 | इंदिरा खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 अमलीडीह | 919 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 23-12-2024 | 3:30 से 4:30 PM |
| 30 | इंदिरा शक्ति खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 ईरईकला | 923 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 23-12-2024 | 4:30 से 5:30 PM |
| 31 | मां बम्लेश्वरी खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 ढाबा | 927 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 24-12-2024 | 11:00 से 12:00 PM |
| 32 | इंदिरा शक्ति खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 खैरा | 932 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 24-12-2024 | 12:00 से 1:00 PM |
| 33 | अन्नपुर्णा खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 गेरूघाट | 933 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 24-12-2024 | 1:00 से 2:00 PM |
| 34 | इंदिरा खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 गढ़ुला | 898 | श्री एस0एन0चकलादार, व0स0नि0 | 24-12-2024 | 2:30 से 3:30 PM |

दिनांक :- 29.11.2024 (एस.एन.चकलादार) परिसमापक सहकारी संस्थाएं राजनांदगांव

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कांती श्रावण सिन्हा पति श्रावण सिन्हा निवासी दीवानपारा, वार्ड नं. 25, राजनांदगांव तह. व जिला राजनांदगांव (छग) की स्थायी निवासी हूं।

यह शपथ करती हूं कि मेरे पुत्र का नाम कृष्णा श्रावण सिन्हा (KRISHNA SHRAVAN SINHA) से परिवर्तित कर कृष्णा श्रावण सिन्हा (KRISHNA SHRAWAN SINHA) कर ली हूं। अतः अब से मेरे पुत्र को कृष्णा श्रावण सिन्हा (KRISHNA SHRAWAN SINHA) के नाम से जाना व पहचाना जाने हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशित करना चाहती हूँ।

अतः प्रकाशन उपरांत मेरे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम कृष्णा श्रावण सिन्हा (KRISHNA SHRAWAN SINHA) के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**कांती श्रावण सिन्हा**
पति श्रावण सिन्हा निवासी दीवानपारा, वार्ड नं. 25, राजनांदगांव तह. व जिला राजनांदगांव (छग)

## सीईओ एफपीओ भर्ती हेतु विज्ञापन

भारत सरकार की 10K FPO योजनांतर्गत विकासखंड डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ महतारी महिला फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का गठन किया गया है कंपनी के व्यवसाय प्रबंधन, नेतृत्व समीक्षा, वित्तीय मामलों के देखरेख एवं निगरानी हेतु सी.ई.ओ. (FPO) का चयन किया जाना है जिस हेतु निम्न सेवा शर्तों सहित आवेदन आमंत्रित किया जाता है :-

1. यह भर्ती पूर्णतः अस्थाई रूप से की जाएगी। तथा पूर्णतः FPO के अधीन होगी इसका किसी भी शासकीय, अर्धशासकीय, निजी संस्था से कोई संबंध नहीं है।
2. निवासी छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो।
3. आवेदन प्रारंभ की तिथि 30.11.2024, आवेदन की अंतिम तिथि 15.12.2024 (कार्यालीन समय 10.00 बजे से सांय 5.30 बजे) तक।
4. केवल ऑफलाइन माध्यम से आवेदन स्वीकार किए जाएगें, आवेदन करने हेतु फार्म कार्यालय भूमिका संकुल संगठन, मुरमुन्दा से प्राप्त कर इसी पते पर जमा कर सकते है।
5. शैक्षणिक योग्यता: शासन द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कृषि, कृषि विपणन, उद्यानिकी, कृषि व्यवसाय प्रबंधन में स्नातक या बीबीए या समकक्ष होना चाहिए।
6. अनिवार्य अनुभव ग्रामीण क्षेत्रों में एग्री उत्पाद, वनोपज, स्थानीय उत्पाद के प्रसंस्करण, ग्रेडिंग एवं मार्केटिंग में न्यूनतम 03 वर्ष का कार्यानुभव एवं अन्य योग्यता: हिन्दी, अंग्रेजी एवं स्थानीय भाषा का ज्ञान ही कम्प्यूटर, लेखा एवं डाटा प्रबंधन।
7. प्राथमिकता: संबंधित क्षेत्र में अनुभवी एवं योग्यता रखने वाले महिला अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
8. चयन प्रक्रिया: चयन संबंधी समस्त जानकारी कार्यालय भूमिका संकुल संगठन मुरमुन्दा चस्पा दिया गया है।
9. आयु सीमा: दिनांक 01.01.2024 की स्थिति में 21 वर्ष से अधिक तथा 45 वर्ष से कम हो।
10. मानदेय: मासिक मानदेय एक मुश्त 15000/- से 25000/- बी.ओ.डी. सदस्यों के अनुमोदन उपरांत।

**बीओडी**
छत्तीसगढ़ महतारी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड
ग्राम मुरमुंदा, विकासखण्ड-डोंगरगढ़

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे रात्रि
सिंघम अगेन
कलाकार - अजय देवगन, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, करीना कपूर आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
29th Nov To 4th Dec 2024
silver SCREEN




Moana 2 - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Delhi Bus (Hindi) - 12:15 pm
Kanguva (Hindi) - 03:15 pm
The Sabarmati Report - 12:00, 6:00 and 09:00 pm
Bhool Bhulaiyaa 3 - 03:00, 06:15 and 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक - सीएम साय ने दिए दुर्घटनाएं रोकने यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने की हिदायत



रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को अपने निवास कार्यालय में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में प्रदेश के सड़क सुरक्षा परिदृश्य, सड़क दुर्घटना के नियंत्रण के उपायों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बैठक में कहा कि, सड़क दुर्घटनाओं के नियंत्रण के लिए दुपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट और चारपहिया वाहन चालकों के लिए सीट बेल्ट के उपयोग तथा वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए जनजागरूकता अभियान को प्रभावी ढंग से चलाया जाए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़कों पर ब्लैक स्पॉट के सुधार कार्य में तेजी लाने, जिला सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठकें आयोजित करने, सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों के इलाज के लिए निर्माणाधीन ट्रामा स्टेब्लाईजेशन यूनिट्स का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में परिवहन विभाग द्वारा तैयार कराया गया 'बस संगवारी एप' लांच किया और परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा पर प्रकाशित पोस्टर का विमोचन किया।

बैठक में जानकारी दी गई कि, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के स्कूलों में कक्षा पहली से लेकर दसवीं तक के राज्य शैक्षणिक अनुसंधान परिषद की पाठ्यपुस्तकों में सड़क यातायात नियमों से संबंधित अध्याय पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। बैठक में बताया गया कि यातायात व्यवस्था का इलेक्ट्रॉनिक सर्विलेंस रायपुर, बिलासपुर और नवा रायपुर में किया जा रहा है। भिलाई और दुर्ग में यह व्यवस्था आंशिक रूप से संचालित है। सितंबर 2023 से अक्टूबर 2024 तक 101 ब्लैक स्पॉट और 748 जंक्शन के सुधार कार्य पूर्ण किए गए हैं।

बैठक में जानकारी दी गई कि हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने पर सडक दुर्घटनाओं में मृत्यु की संभावना 40 प्रतिशत तक कम हो सकती है। अधिकारियों ने बताया कि यातायात नियमों के उल्लंघन पर परिवहन विभाग द्वारा 6 लाख 70 हजार से अधिक तथा पुलिस विभाग द्वारा 4 लाख 87 हजार से अधिक चालानी कार्यवाही की गई है। 01 जनवरी 2023 से 31 अक्टूबर 2024 तक 7826 वाहन चालकों का लायसेंस निलंबित किया गया है। 8 दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों राजनांदगांव, धरसींवा अभनपुर, पाली, सिमगा, सुकमा, बेमेतरा और पत्थलगांव में ट्रामा स्टेब्लाईजेशन यूनिट निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई है। 14 हजार 261 वाहनों में व्हीकल लोकेशन ट्रेकिंग डिवाइस, 72 हजार से अधिक वाहनों में स्पीड गवर्नर तथा 2200 बसों में पेनिक बटन लगाए गए हैं। बैठक में ब्लैक स्पॉट की पहचान, सुधार की कार्यवाही, सड़कों में यातायात संकेतक, होर्डिंग्स हटाने, फुटपाथ, पार्किंग, सर्विस लेन से अतिक्रमण हटाने आदि कार्यों की समीक्षा की गई।

बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, बसव राजू एस. और राहुल भगत, परिवहन विभाग के सचिव एस. प्रकाश, आबकारी सचिव आर. संगीता, एडीजी ट्रेफिक प्रदीप गुप्ता, अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर उपस्थित थे। सभी संभागों के आयुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक वर्चुअली बैठक में शामिल हुए। अंतर्विभागीय लीड एजेंसी के अध्यक्ष एवं एआईजी ट्रेफिक संजय शर्मा ने बैठक में प्रेजेंटेशन दिया।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के प्रयासों से 3.38 करोड़ के कार्यों को मिली स्वीकृति



**भाजपा नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया**

राजनांदगांव(दावा)। क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री तथा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह लगातार अपने क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु सतत रूप से सक्रिय रहते हैं, आज उनके प्रयासों से राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में सम्मिलित सड़क हेतु विभिन्न 11 सड़कों एवं विस्तृत परियोजना के कार्यों हेतु 3 करोड़ 38 लाख 74 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई।

जिसके तहत बरगा से अष्टगी मंदिर तक 82.74 लाख रुपए, जंगलेश्वर से खैरा तक 71.12 लाख रुपए, मुड़पार से उसरीबोड तक 42.36 लाख रुपए, धामनसरा से कोटराभाटा तक 48.30 लाख रुपए, धनगांव से गातापार तक 60.61 लाख रुपए, इसी तरह से धनगांव से लिटिया 6.73 लाख रुपए, देवादा से धनोद 2.96 लाख रुपए, धर्मापुर से बरगाही के लिए 3.42 लाख रुपए, जोरातराई से भेडीकला हेतु 8.94 लाख रुपए, सुंदरा पानी टंकी से अं. भाटापारा 7.37 लाख रुपए तथा सुंदरा हाईस्कूल से भेड़ीकला 4.69 लाख रुपए, इस तरह कुल 11 कार्यों हेतु 3 करोड़ 38 लाख 74 हजार की प्रशासनिक स्वीकृति विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रयासों के कारण स्वीकृत होने पर राजनांदगांव के सभी जनप्रतिनिधियों ने हर्ष प्रकट करते हुए डॉ रमन सिंह के प्रति आभार जताया है। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, दिनेश गांधी, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर, तरुण लहरवानी, अतुल रायजादा, राजेश श्यामकर, अशोक देवांगन, लीलाधर साहू, राजेंद गोलछा, रविंद्र वैष्णव, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, मनोज साहू,कृष्णा तिवारी सहित सभी भाजपा नेताओं ने डॉ रमन सिंह को विशेष साधुवाद देते हुए आभार प्रकट किया है।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया डॉ. पीसी लाल यादव का सम्मान व पुस्तक का विमोचन




गंडई पंडरिया (दावा)। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग रायपुर द्वारा 28 नवंबर को न्यू सर्किट हाऊस में छत्तीसगढ राजभाषा स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व अध्यक्षता की सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने की।

इस गरिमामय समारोह मे गंडई के साहित्यकार व संस्कृति कर्मी डॉ.पीसी लाल यादव की 57 वीं पुस्तक 'लोरिक चंदा' का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने विमोचन किया तथा उन्हें उनकी सुदीर्घ साहित्य साधना के लिए शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि 'लोरिक चंदा' छत्तीसगढ की सुप्रसिद्ध लोकगाथा है, जिसे चंदैनी के नाम से जाना जाता है। यह लोरिक और चंदा की प्रेमकथा है। डॉ.पीसी लाल यादव ने चंदैनी लोक गायक स्व.चिंतादास बंजारे से 30 वर्ष पहले संग्रहित किया था। इसे छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग ने प्रकाशित किया है। डॉ.पीसी लाल यादव की इस उपलब्धि पर साहित्यकारों, लोक कलाकारों व इष्ट मित्रों ने बधाइयां देकर शुभकामनाएं दी हैं।

# अंजोरा, बघेरा व उपरवाह सोसाइटी कभी भी हो सकती है बंद



राजनांदगांव (दावा)। वैसे तो जिले के अधिकतर सेवा सहकारी समितियां एवं उनके उपार्जन केन्द्रों में अवस्था दुर्व्यवस्था का आलम है। जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन अंजोरा बघेरा और उपरवाह समिति के बारे में पता चला है। कि यहां इतनी ज्यादा अव्यवस्था दुर्व्यवस्था है कि यह तीनों समिति कभी भी बंद हो सकती है। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि पिछले पंचवर्षीय में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नीत कांग्रेस की सरकार थी। तब जिले सहित पूरे प्रदेश में किसानों को सोसाइटी में समर्थन दर पर धान बेचते कोई तकलीफ नहीं होती थी। उस समय समय पर टोकन मिलता था, समय पर धान बिकता था। बारदानों की चुस्त दुरुस्त व्यवस्था थी, परिवहन भी बराबर हो रहा था। बफर लिमिट की समस्या परिवहन बढ़ाकर हल कर लिया जाता था। किसानों को घूम घूम कर पानी पिलाने वाले भी हुआ करते थे। अस्थाई प्रसाधनकक्षों की व्यवस्था सहकारी समितियां में हुआ करती थी लेकिन अब देखा जा रहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नीत भाजपा सरकार में किसानों को सेवा सहकारी समितियां उनके उपार्जन केन्द्रों में धान बेचने के लिए काफी तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है।

जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार किसान हितैषी नहीं है। यदि किसान हितैषी होती तो 1 नवंबर को धान खरीदी शुरू करती लेकिन दो हफ्ता लेट करके शुरू की गई। इससे किसानों को कोचियों के पास और मंडी तक में औने पौने दाम में धान बेचकर दिवाली माननी पड़ी है। मजदूरों की मजबूरी देने छोटे-मोटे दुकानों में भी उन्हें धान बेचने की मजबूरी हुई यही धान अगर सोसाइटी में बिका होता तो किसानों को बड़ा घाटा सहना नहीं पड़ता दूसरा यह है कि किसानों को टोकन लेने के लिए भटकाया जा रहा है। ऑनलाइन और ऑफलाइन का चक्कर चलाकर सर्वर डाउन की समस्या बताई जा रही है। कुल मिलाकर राज्य सरकार की मानसिकता किसानों से समर्थन दर पर धान लेने की नहीं है। बल्कि इसे वह वादा निभाने की मजबूरी समझ रही है। श्री साहू ने कहा कि शासन के अधीन सहकारिता और विपणन संघ के माध्यम से यह व्यवस्था होती है। लेकिन देखा जाए तो दोनों में सामंजस्य का अभाव है। सोसाइटी में बारदाने की कमी है आधा बारदाना किसानों से लेकर आने कहा जा रहा है। ऐसी जानकारी मिल रही है। तीसरी बात यह है कि किसानों से खरीदे गए धान का जाम सोसाइटी के उपार्जन केन्द्रों में लग रहा है। जिला विपणन संघ द्वारा उचित परिवहन नहीं किए जाने से सोसाइटियों में और किसानों से धान लेने के बाद उन्हें जमा कर रखने के लिए जगह की कमी पड़ रही है। अगर परिवहन करके कस्टम मीलिंग के तहत राइस मिलर को तथा संग्रहण केन्द्रों में धान का परिवहन किया जाता तो सोसाइटी में जाम की स्थिति नहीं बनती कुल मिलाकर या सरकार किसान हितैषी कतई नहीं है। भाजपा के नेता बोलते कुछ हैं और करते कुछ हैं धान खरीदी केंद्रों में व्यवस्था सुधारने इस उद्देश्य से कांग्रेस ने बड़ी चिंता की है। निगरानी समिति का गठन किया जा रहा है। जो किसानों की समस्याओं को सुनेगी देखेगी और व्यवस्था सुधारने सरकार पर दबाव बनाएगी।

# भाजपा के रीति नीति से जनता खुश - मोरजध्वज देवांगन



राजनांदगांव(दावा)। भाजपा के युवा नेता मोरजध्वज देवांगन ने अपने एक जारी बयान में कहा कि देश में राजनीतिक स्थिरता देश की जनता की पहली पसंद है और इस राजनीतिक स्थिरता में देशवासी भाजपा को बार-बार चुनने के पक्ष में है। पिछले कुछ चुनाव को छोड़कर अधिकतर चुनाव में भाजपा की जीत होना इस बात का प्रमाण है। कि देश की जनता भाजपा की रीति नीति से बहुत खुश है। वहीं कांग्रेस को सिरे से नकार कर यह बता रही है। कि यह पार्टी राज्यों एवं केंद्र में शासन करने लायक नहीं रह गई है। इसकी पड़ताल करने पर पता चलता है। कि देश की बहुसंख्यक आबादी एक परिवार विशेष की पिछलग्गु नहीं बनना चाहती है। बल्कि जनता यह चाहती है कि योग्यता के आधार पर सबको नेतृत्व का मौका मिले। केंद्र के मोदी सरकार जो 2014 से काबिज है। उसे हटाने के लिए विपक्ष कांग्रेस ने जाने कितने दाव पेज खेले लेकिन समझदार जनता ने कांग्रेस को ऐसी पटकनी दी है। कि केंद्र की सत्ता में वापसी इनका सपना ही रह गया है। इधर छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय सरकार अपना 1 साल का कार्यकाल सफलता पूर्वक पूरा करने जा रही हैं। शेष चार वर्षों में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की कड़ी में विकसित छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में सतत प्रयास कर रही है। विष्णुदेव साय नीत भाजपा सरकार ने आगामी नगरी निकाय चुनाव एवं त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनाव में फतह हासिल करने के बाद इस दिशा में और तेजी से काम करेगी। श्री देवांगन ने आगे कहा कि डबल इंजन की सरकार आने वाले दिनों में और जनकल्याणकारी योजनाएं लाएंगे। इसके बाद प्रदेश व देश की जनता में पहले से अधिक समृद्धि और खुशहाली आ जाएगी।

# अभी-अभी खिले फूल बच्चों को संस्कारित करेगी- मधुसूदन यादव



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व सांसद एवं पूर्व मेयर मधुसूदन यादव ने नगर के वरिष्ठ साहित्यकार शत्रुघन सिंह राजपूत के बाल साहित्य के प्रकाशन पर प्रसन्नता व्यक्त की है, विमोचन के अवसर पर उन्होंने कहा कि विशेषकर स्कूली बच्चों के लिए यह किताब अति महत्वपूर्ण हो सकता है, इसमें बचपन के लिए संदेश और संस्कार निहित है।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को पार्षद राजेश गुप्ता चंपू ने सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मोर जमीन मोर मकान बनाने की सपना देख रहे गरीबों के हितार्थ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सूबे के मुखिया विष्णु देव साय के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

**प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज राजनांदगांव गंज मंडी स्थित सिल्वर स्क्रिन में द-साबरमती स्टोरी शो देखकर लौटते वक्त उन्हें भी जनहित में ज्ञापन सौंपा गया।

श्री गुप्ता ने बताया कि पिछले डेढ़ साल पूर्व शहर के लोगों के द्वारा नगर निगम पालिक मोर जमीन मोर मकान प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पक्का मकान बनाने के लिए आवेदन पत्र जमा किया गया था।जिसमें आवेदकों की संख्या लगभग 1648 है। यह आवेदक अपने आवेदन के (डीपीआर) पास होने के लिए दो वर्ष से कतार में लगें है। चूंकि अब प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का श्री गणेश हो चुका है। हितग्राही अपने आवेदन के बारे में जानकारी लेने नगर निगम पहुंच रहें तो उन्हें फिर से आवेदन फार्म जमा करने कहा जा रहा है और पुराने आवेदन पत्र निरस्त होने की बात कही जा रही है। महोदय ऐसे में साल दो साल से पक्के मकान बनाने के सपने देख रहे गरीबों के लिए यह किसी वज्रपात से कम नहीं हैं? वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 में दो नई शर्ते जोड़ दी गई है जाति प्रमाणपत्र एवं आय प्रमाण पत्र की अनिवार्यता। जिससे आवेदकों भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। नेतृत्व के धनी संवेदनशील प्रधानमंत्री मोदी से जनहित में करबद्ध प्रार्थना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत भराए जा रहे नये फार्म जमा करने में जाति प्रमाणपत्र एवं आय प्रमाण पत्र के मापदंडों (शर्तों) को खत्म करने तथा नगर पालिक निगम राजनांदगांव प्रशासन के पास पेंडिंग 1648 आवेदन पत्रों को निरस्तीकरण पर रोक लगाकर 1648 प्रधानमंत्री आवास योजना को मंजूरी (डीपीआर) दे।

# पेंशनर्स के डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र शिविर में उपस्थित रहे पूर्व सांसद मधुसूदन




राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी के ई.पी.एस.95 पेंशनर्स के डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र बनाने हेतु एक दिवसीय शिविर का आयोजन प्रातः 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक सामुदायिक भवन, लेबर कॉलोनी, तुलसीपुर, राजनांदगांव में आयोजित किया गया। यह शिविर संयुक्त रूप से सचिव ई.पी.एस. 95 पेंशनर राष्ट्रीय संघर्ष समिति, जिला ईकाई राजनांदगांव एवं ई.पी.एफ.ओ. रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। आयोजन में पूर्व सांसद राजनांदगॉव मधुसूदन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश ठाकुर सहायक आयुक्त (भविष्य निधि) रायपुर ने की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में अखिल भारतीय ई.पी.एस.95 पेंशनर्स संघर्ष समिति के अध्यक्ष कमाण्डर अशोक राउत एवं ई.पी.एस.95 पेंशनर्स राजनांदगॉव के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार वर्मा सहित एजार्जुर रहमान ई.पी.एस.95 समन्वयक (ईस्ट इंडिया) मंच पर उपस्थित रहे। आयोजन समिति के गणमान्य सदस्यों में नजीर अहमद, बी.एम.विश्वकर्मा, देवेन्द्र कुमार रामटेके, मोहम्मद फारूख, अजय शुक्ला एवं साथियों ने पेशनर्स शिविर के आयोजन में सक्रीय रूप से सहभागिता प्रदान की। आयोजन में सर्वप्रथम अतिथिगण का स्वागत किया गया और अधिकारी सुरेश ठाकुर को प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसदन के हाथों सम्मानित किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने आयोजन समिति द्वारा जनहित में आयोजित इस शिविर की प्रशंसा करते हुए ई.पी.एस.95 पेंशनर्स के लंबे संघर्ष को प्रेरणादायक बताया और पेंशनर्स को हरसंभव सहयोग देने के लिये अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की। उन्होंने ई.पी.एस.95 पेंशनर्स को न्यूनतम प्रतिमाह 7500 रूपये पेंशन की मांग का भी समर्थन किया। अधिकारी सुरेश ठाकुर ने मुख्यतः पेंशनर्स को केन्द्र शासन के द्वारा डी.ए. की दर में वृद्धि किये जाने पर इसका लाभ ई.पी.एस.95 पेंशनर्स को भी दिये जाने की मांग रखी।

एजार्जुर रहमान ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी टीम विगत 11 वर्षो से हर साल नवम्बर के अंतिम सप्ताह में इस पेंशनर्स जीवित प्रमाण पत्र शिविर का आयोजन कर जिले के ई.पी.एस.95 पेंशनर्स को राहत पहुँचाने का कार्य कर रहे है। आयोजन के पश्चात् पूर्व सांसद मधुसूदन ने शिविर में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों एवं वार्डवासियों से भेंट मुलाकात करके उनका कुशलक्षेम जाना और उनकी समस्याओं का भी समाधान किया।

# हत्या करने की नियत से हमला करने वाला आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में हुई टांगिया से प्राण घातक हमले की घटना के आरोपी को धर दबोचा है। बताया जाता है कि पेड़ काटने की मजदूरी को लेकर गांव के मजदूर ने प्रार्थी के पिता पर टंगिए से सिर और गाल पर प्राणघातक हमला किया था। पुलिस ने आरोपी से घटना मे प्रयुक्त टंगिया बरामद कर लिया है।

बताया जाता है कि घटना को लेकर प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि गत 28 नवंबर को प्रार्थी का पिता दयाराम साहू गांव के मजदूर अगरदास साहू को साथ में पेड़ काटने के लिए दिखाने तेलहाखार ले गया था। एक दिन पहले वह पेड़ काटने गया था जिसमें से एक पेड़ छूट गया था उसी को दिखाने जाने पर काटने की मजदूरी की बात पर विवाद हो गया। विवाद होने से आहत दयाराम साहू से झगड़ा विवाद कर अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की नियत से अपने पास रखे टंगिया से सिर, दाहिने गाल, कान के नीचे प्राणघातक वारकर घायल कर दिया। उक्त रिपोर्ट पर धारा 296, 109(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए दुरभाष के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गई।

इस पर अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में चौकी चिखली पुलिस की टीम गठित कर आरोपी की पता साजी हेतु तत्काल ग्राम भाठागांव रवाना किया गया। पतासाजी कर विश्वस्त मुखबीर कि सूचना पर आरोपी को गांव के बाहरी खार मे छिपे होने की प्राप्त होने पर तत्काल दबिश देकर आरोपी को खार मे घेराबंदी कर पकडा गया। पुलिस द्वारा कड़ाई से उससे पुछताछ किए जाने पर आरोपी अगरदास साहू पिता पुनुदास साहू उम्र 50 साल निवासी भाठागांव द्वारा अपराध करना स्वीकार किया गया और उन्होंने घटना में प्रयुक्त लोहे की टंगिया को जप्त कराया। आरोपी को पुलिस द्वारा विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जहां से आदेशानुसार उसे जेल दाखिल किया गया।

उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी चिखली उप निरीक्षक नरेश कुमार बंजारे, सउनि शत्रुहन टण्डन, महिला प्रधान आरक्षक वंदना पटले, प्रधान आरक्षक अरविंद साहू, समारूराम सर्पा, आरक्षक सुनील बैरागी, मिर्जा असलम, देवेन्द्र ब्रम्हणकर का महत्वपूर्ण भूमिका व सराहनीय योगदान रहा है।

# झुग्गी बस्ती में अवैध रूप से निवासरत परिवारों को स्वयं के आवास का सपना साकार करने निगम की टीम ने दी समझाईस



राजनांदगांव (दावा)। देश के आवासहीन व बेघर सभी जरूरतमंद परिवारों को आवास उपलब्ध कराने एवं उनके जनजीवन को संवारने के लिए शासन द्वारा प्रधानमंत्री योजना का क्रियान्वयन विगत 9 वर्षो से किया जा रहा है। आवासहीनों के लिये एकमात्र योजना जिसके माध्यम से परिवार अपनी मूलभूत आवश्यकताओं को शासन के सहयोग से पूरा करता है। उद्देश्य की पूर्ति के लिये नगर निगम का प्रधानमंत्री आवास कार्यालय योजना का लाभ निगम सीमा क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों को दिलाने कटिबद्ध है। जिसके तहत अस्थाई रूप से चिन्हांकित झुग्गी बस्तियों में निवासरत परिवारों को मोर मकान मोर चिन्हारी (एएचपी) योजना में व्यवस्थापन के तहत आवास उपलब्ध कराने तथा योजना का एक अन्य घटक मोर जमीन मोर मकान (बीएलसी) जिसके तहत स्वयं की जमीन पर पक्का आवास निर्माण करने हेतु शासन की ओर से स्तरबद्ध निर्माण अनुसार राशि हितग्राहियों के बैक खाते में सीधे राशि जमा करायी जाती है, ताकि उन्हें स्वयं का पक्का आवास मिल सकें। योजना के मोर मकान मोर चिन्हारी के तहत डबरी पारा, मोती तालाब, बजरंग नगर, शंकरपुर तालाब, इंदिरा सरोवर, पुराना गंज चौक, रेल्वे ओव्हर ब्रिज के नीचे आदि स्थानों पर अवैध रूप से अस्थाई तौर पर निवासरत 381 परिवारों को लखोली, मोहारा, रेवाडीह में निर्मित सर्वसुविधा युक्त बहुमंजिला आवासों में मात्र 75 हजार के आसान किस्तों में आवास की सुविधा प्रदान की गयी। इसी कडी में आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर आज वार्ड क्रमांक 39 गौरव पथ स्थित शासकीय नर्सिंग हॉस्टल के पीछे जोगी नगर में निवासरत परिवार जो नाले के किनारे सिंचाई की जमीन पर बसे है, नाले के किनारे बस्ती होने के कारण इन्हें स्थाई पट्टे शासन से प्राप्त नहीं होने से यह अस्थाई तौर पर 50 से 60 परिवार आवास निर्माण कर झुग्गी बस्ती के रूप में पिछले 30 से 40 वर्षो से यहां निवास कर रहे हैं। इन्हीं कच्चे झोपड़ी नुमा छोटे असुविधाजनक घरो में निवासरत परिवारों से आज प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर चिन्हारी एचपी के तहत व्यवस्थापन अंतर्गत इनको सुंदर स्वच्छ वातावरण में सर्वसुविधा युक्त अच्छे आवास प्रदान करने के लिए आवास योजना के नोडल अधिकारी व कार्यपालन अभियंता ईमरान खान के नेतृत्व में आवास योजना की टीम इन परिवारों के बीच में जाकर योजना के संबंध में उन्हें जानकारी दी गई एवं अच्छे घर में अच्छे वातावरण में स्वंय के आवास का सपना सकार करने समझाईस दी गयी।

निवासरत परिवारों को टीम द्वारा बताया गया कि नाले के किनारे अवैध रूप से निवास करने पर पट्टा नहीं दिया जायेगा और किसी न किसी दिन यहा से खाली करा दिया जायेगा। उसके पूर्व आप निगम द्वारा निर्मित सर्वसुविधायुक्त बहुमंजिला आवासों में रहकर कच्चे सुविधाहीन अस्थाई आवास को छोड अपने स्वयं के आवास का सपना साकार करें। टीम ने समझाईस दी कि शहर के विभिन्न स्थानों में इसी प्रकार निवास करने वाले परिवार निगम द्वारा निर्मित आवासों में जाकर सर्वसुविधायुक्त आवास में निवासरत है। आप सभी शासन की आवास योजना का लाभ लेकर स्वयं के आवास में निवास करे। आवास योजना की टीम के सहायक दल प्रभारी श्रीमती गरिमा वर्मा वार्ड की प्रभारी अभियंता सुश्री आयुषी सिंह, प्रधानमंत्री आवास योजना के सिविल एक्सपर्ट अंकुर मिश्रा सोशल एक्सपर्ट ललित मानकर सहित निगम का अमला उपस्थित था।

## अनमोल दावा

> सृष्टि में हर जीव के हृदय में नारायण का ही वास है, मनुष्य को चाहिए कि वह अपने भीतर के नारायण का स्वरूप जाने।

## सम्पादकीय

# जीएसटी सिस्टम: सुधार और पारदर्शिता जरूरी

पिछले जून 2024 में गुड्स एंड सर्विस टैक्स याने जी.एस.टी. के कलेक्शन 1.74 लाख करोड़ था। जो उसके पिछले साल के कार्यकाल में 7.07 प्रतिशत अधिक था। किन्तु, यह वृद्धि सरकार को राजनीतिक दृष्टि से रास नहीं आयी थी। कारण था, कर सम्पादन में वृद्धि से सरकार के अलोकप्रिय होने की संभावना थी। फलस्वरूप, जीएसटी बाबत प्रचार-प्रसार पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। अब टैक्स कलैक्शन के आंकड़े मीडिया को अनौपचारिक रूप से ज्ञात होते हैं। साथ ही इसका अधिक प्रचार-प्रसार न करने का भी निवेदन किया जाता है। इससे यह बात तो साफ हो जाती है कि सूचना प्रसार और पारदर्शिता की अहम जिम्मेदारी से सरकार विमुख हो रही है। एक ओर सरकार, विदेशी पूंजीनिवेश को आकर्षित करने प्रोत्सहित कर रही है। दूसरी ओर, टैक्स बाबत अपारदर्शिता, इसे विरोधाभास ही कहना चाहिए। केन्द्र सरकार टैक्स वृद्धि के आंकड़े का अल्प प्रचार-प्रसार करना चाहती है। खास कर, जब भारत सरकार के बान्ड को पहली मर्तबे वैश्विक इंडेक्स में शामिल किया गया है। अनेक वर्षों के बाद भी जीएसटी की प्रणाली को अभी भी वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए अनेक सुधार करने की जरूरत है। परन्तु, वह सुधार सरकार करना चाहती है, ऐसा प्रतीत नहीं होता।

उल्लेखनीय कि, अरूण जेटली के जमाने से जो बात सरकार नहीं मान रही है तो अब उससे क्या उम्मीद लगायी जा सकती है? वित्तीय बाजार के विशेषज्ञों और निवेशकारों सहित अनेक लोग उस पर गिद्ध दृष्टि रखे हुवे हैं। जी डी पी याने ग्रास डोमेस्टिक प्रोडक्ट जैसे अधिकृत डाटाज् विलम्ब होने के बाद सार्वजनिक होने से, जीएसटी प्रणाली के द्वारा आर्थिक तंत्र किस प्रकार कार्य कर रहा है, इसकी विस्तारपूर्वक जानकारी में भी विलम्ब होता है। केन्द्र की एन.डी.ए. सरकार की कठिनाई यह है कि वैश्विक मापदण्ड (रेटिंग) बढ़ाना है। परन्तु, जिद् ऐसी है कि सरकार जीएसटी में सुधार नहीं कर रही है, भाजपाई नेताओं को ऐसा लग रहा है कि सुधार करने जायेंगे तो हमारे पहले की भूल उजागर हो जाएगी। ऐसी दयनीय मनोदशा से नेता गुजर रहे हैं।

दूसरी बात यह कि सरकार के आम बजट का ''पुल'' ऊंचा बने रहे, इसके लिए जीडीपी 7.5 से 8 प्रतिशत हो सकती है। जिसका अर्थ यह होता है कि सरकार अपने खर्च की पूर्ति करने में पर्याप्त फण्ड एकत्र करने में सफल नहीं रहती। ऐसी स्थिति में या तो टैक्स क्लेक्शन बढ़ाना पड़ेगा या फिर खर्च कम करना होगा। महत्वपूर्ण यह कि जीएसटी प्रणाली का राजस्व वसूली विभाग लक्ष्य पूर्ति में असफल रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष में रिफण्ड के बाद जीएसटी कलेक्शन याने जीडीपी का प्रतिशत 6.1 था। जब 2016-17 में जीएसटी में कुल कर जीडीपी का 6.3 जितना था, इसका उल्लेख भी जरूरी हो जाता है। खास ध्यान देने योग्य यह भी कि कुल जीएसटी कर प्रक्रिया में रिटर्न उप कर का भी समावेश होता है। यह उपकर पांच साल बाद समाप्त हो जाएगा।

सरकार का मानना है कि जीएसटी के द्वारा पूर्व की अपेक्षा वह कम टैक्स वसूल रही है। जबकि, अर्थशास्त्रियों ने दर्शाया है कि जीएसटी लागू होने के बाद केन्द्र सरकार को राजस्व मोर्चे पर बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ा है। ऐसी परिस्थिति में जीएसटी प्रणाली में महत्वपूर्ण सुधार की महती आवश्यकता है। उसके दर और स्लेब में सुधार किया जाता है तो टैक्स कलेक्शन में बढ़ोतरी होने की शतप्रतिशत संभावना है। सरकार को तत्काल राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम करने और जीएसटी सिस्टम में सुधार करने पर ध्यान देना चाहिए। यूं भी जीएसटी को लेकर आम जनता में अनेक गलतफहमिया हैं और यह उनके समझ के बाहर भी है। इसका कारण, सरकार को प्रत्यायन विधि पर सुधार करने पर ध्यान देना चाहिए। मीडिया को अधिकृत जानकारी देकर प्रेस नोट रिलीज कर पारदर्शिता रखनी होगी। जीएसटी सरकार का अधिकार है। यह कोई कर चोरी या लूट तो नहीं है जिस पर पर्दा लगाना पड़े।

# संभल के हालात क्यों नहीं संभल पाए, अब जुमे को लेकर क्या है तैयारी?

**दिलनवाज़ पाशा**

उत्तरप्रदेश के संभल में भारी पुलिस बल की तैनाती के बीच धीरे-धीरे सामान्य हो रहे माहौल में शुक्रवार का दिन अहम है. रविवार को हुई हिंसा के बाद आज जुमे की पहली नमाज़ होगी और साथ ही सुप्रीम कोर्ट और संभल की अदालत में जामा मस्जिद मामले में सुनवाई भी है, ऐसे में प्रशासन बेहद सतर्क है.रविवार को संभल की शाही जामा मस्जिद के दूसरे सर्वे के दौरान हुई हिंसा में पांच लोग मारे गए थे, हालांकि पुलिस ने चार लोगों की मौत की ही पुष्टि की है. शाही जामा मस्जिद कमेटी ने सर्वे के आदेश को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की है, जिस पर आज यानी शुक्रवार को सुनावाई होनी है. पूजा स्थल क़ानून 1991 को लागू कराने मांग को लेकर जमीयत इस्लामी हिंद की एक याचिका पहले से लंबित है.अजमेर दरगाह और संभल मामले का उल्लेख करते हुए जमीयत ने इस याचिका में ही एक ताज़ा अपील है की है जिसकी सुप्रीम कोर्ट में चार दिसंबर को सुनवाई है.

मुरादाबाद के कमिश्नर आंजनेय कुमार के मुताबिक़, जामा मस्जिद के अलावा अदालत परिसर में भी पुलिस बलों की तैनाती की गई है. बाहरी ज़िलों से आई पुलिस अभी भी शहर में तैनात है.बीबीसी से बातचीत में आंजनेय कुमार ने कहा, लोगों का भरोसा बहाल करना हमारी प्राथमिकता है, हमने शहर के, ख़ासकर मुसलमान वर्ग के लोगों से वार्ताएं की हैं. मस्जिद समिति ने शांति व्यवस्था बनाए रखने का भरोसा दिया है.आंजनेय कुमार कहते हैं, मुस्लिम समुदाय ने भी शांति बहाल करने के लिए पहल की है और जुमे के दिन ख़ास सावधानी बरतने का भरोसा दिया है.आंजनेय कुमार दावा करते हैं कि अब शहर का माहौल सामान्य हो रहा है और शुक्रवार के बाद हालात और बेहतर हो जाएंगे.

उनका कहना है कि जामा मस्जिद में नमाज़ पढ़ने आने वाले लोगों पर नज़र रखी जाएगी और मस्जिद में आने वाले लोगों की सुरक्षा के लिहाज़ से तलाशी भी ली जाएगी. वहीं मस्जिद प्रबंधन समिति के सदर एडवोकेट जफ़र अली ने बीबीसी से कहा, मस्जिद में सामान्य रूप से नमाज़ हो रही है, इस शुक्रवार भी हमेशा की तरह नमाज़ होगी और इंशाअल्लाह जामा मस्जिद में हमेशा नमाज़ होती रहेगी.संभल के आसपास के ज़िलों में मुसलमानों की बड़ी तादाद को देखते हुए सतर्कता बरती जा रही है.अमरोहा के पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने बीबीसी को बताया, अमरोहा में माहौल शांतिपूर्ण है लेकिन फिर भी पुलिस सतर्क है. मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पुलिस को शांति बनाए रखने का भरोसा दिया है.मंगलवार को ही संभल के कुछ इलाक़ों में बाज़ार खुल गए थे. हालांकि जामा मस्जिद के बिलकुल क़रीबी मुस्लिम मोहल्लों में अभी भी घरों पर ताले लगे हैं और पुरुष यहां नज़र नहीं आ रहे हैं. वहीं,




हिंदू आबादी वाले मोहल्लों में माहौल बिलकुल सामान्य है और गुरुवार को अधिकतर दुकानें खुलीं.आंजनेय कुमार कहते हैं, च्च्रविवार को हुई हिंसा के बाद प्रशासन की प्राथमिकता लोगों का भरोसा बहाल करने की है. पत्थरबाज़ी में नाबालिग भी शामिल थे, उनकी काउंसलिंग भी कराई जाएगी.संभल हिंसा मामले में पुलिस ने सांसद ज़ियाउर्रहमान बर्क़, उनके पिता ममलूकुर्रहमान बर्क़, समाजवादी पार्टी विधायक नवाब इक़बाल और उनके बेटे समेत क़रीब 240 लोगों को नामजद किया है और 2400 से अधिक अज्ञात लोगों के ख़िलाफ़ भी मुक़दमा दर्ज किया है.बड़ी संख्या में अज्ञात लोगों के नाम मुक़दमे में होने की वजह से शहर की मुस्लिम आबादी में डर का माहौल है. ख़ासकर युवा गिरफ़्तारी के डर से घर से बाहर निकलने से बच रहे हैं.संभल की यह ऐतिहासिक जामा मस्जिद भारतीय पुरातत्व सर्वे के तहत संरक्षित स्मारक है.बीते रविवार को शाही जामा मस्जिद स्थानीय लोगों और पुलिस के बीच झड़पों का केंद्र बन गई थी. इस हिंसा में पांच लोग मारे गए, हालांकि पुलिस ने अधिकारिक तौर पर चार लोगों की मौत की ही पुष्टि की है.संभल की शाही जामा मस्जिद को लेकर ये नया विवाद 19 नवंबर को तब शुरू हुआ जब संभल से क़रीब 25 किलोमीटर दूर स्थित कैला देवी मंदिर के महंत ऋषिराज महाराज और उनके साथ मिलकर कुछ लोगों ने एक याचिका संभल की अदालत में दाख़िल की.उन्होंने मस्जिद के हरिहर मंदिर होने का दावा किया. अदालत ने कुछ ही घंटे के भीतर मस्जिद परिसर के सर्वे का आदेश पारित कर दिया और उसी दिन अदालत के आदेश पर मस्जिद परिसर का सर्वे भी हुआ.19 नवंबर को हुए इस सर्वे के दौरान भी भीड़ जुटी थी लेकिन कोई तनाव नहीं हुआ था. हालात तब बिगड़े तब जब रविवार को दूसरे सर्वे के दौरान भीड़ और पुलिस बल आमने-सामने आ गए. कई घंटों तक पत्थरबाज़ी होती रही.

कैला देवी के मंदिर के विशाल परिसर में महंत ऋषिराज महाराज का आश्रम का है. महंत ऋषिराज यहां बचपन से ही रह रहे हैं और इस समय इस धर्मस्थल के संचालन को वही संभाल रहे हैं.उन्हें पुलिस सुरक्षा मिली है और उनके निजी कर्मी भी उनके क़रीब तैनात रहते हैं.बीबीसी से बातचीत में मस्जिद के प्राचीन मंदिर होने का दावा करते हुए महंत ऋषिराज गिरी कहते हैं, वो हरिहर मंदिर ही है, जो भी साक्ष्य हैं वो हमने कोर्ट को उपलब्ध करा दिए हैं, माननीय न्यायालय 29 नवंबर को आपको कोई अच्छा निर्णय सुनाएगा.जब उनसे पूछा गया कि ये दावा अभी क्यों किया गया जबकि ये मस्जिद यहां सदियों से है तो उन्होंने कहा, अयोध्या मंदिर पर भी दावा बहुत साल बाद हुआ था. हमें लगा कि अब अपने मंदिर को वापस लेने का सही समय आ गया है तो हमने अदालत का रुख़ किया.

तो क्या वो मस्जिद में ही पूजा करना चाहते हैं, इस सवाल पर उन्होंने बीबीसी से कहा, अब माननीय न्यायालय का जो आदेश होगा उसके आधार पर ही आगे जो होना होगा, होगा.अदालत में दायर याचिका में ये दावा भी किया गया है कि भविष्य में कल्कि भगवान का अवतार संभल में ही होना है और मस्जिद ही वो स्थान है जहां उनका अवतार होगा.हालांकि, संभल में भगवान कल्कि को समर्पित कम से कम दो मंदिर पहले से हैं. बीजेपी से जुड़े आचार्य प्रमोद कृष्णम संभल से कुछ दूर विशाल कल्कि स्थान का निर्माण करा रहे हैं जहां पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दौरा किया था.स्वामी ऋषिराज महाराज कहते हैं, जो कल्कि स्थान बन रहे हैं, वो अलग मसला है, हमारा विश्वास है कि भगवान कल्कि का अवतार हरिहर मंदिर में ही होगा.कई लोग ये आरोप भी लगाते हैं कि संभल में नया बलवा या विवाद पैदा करने के लिए ही याचिका डाली गई है.इस सवाल के जवाब में ऋषिराज कहते हैं, लोग तो कुछ भी कह सकते हैं, लेकिन सत्य यही है कि एक सदियों से छुपे हुए झूठ को उजागर किया है, सच को सामने लेकर आए हैं.हिंदू पक्ष का अपना दावा है लेकिन स्थानीय मुसलमान इस मुक़दमे को मस्जिद को छीनने की कोशिश के रूप में देख रहे हैं. संभल से सांसद ज़ियाउर्रहमान बर्क़ के पिता ममलूकुर्रहमान बर्क़ कहते हैं, सैकड़ों साल से ये जामा मस्जिद है और यहां पर कोई नामोनिशान मंदिर होने का, सर्वे कराने के बावजूद भी नहीं मिला, लेकिन फिर भी दोबारा सर्वे कराया गया, इससे पब्लिक में बेचैनी पैदा हुई कि हमारी मस्जिद के साथ क्या हो रहा है, जिस तरह से बाबरी मस्जिद के साथ हुआ, काशी-मथुरा में हो रहा है, उसी तरह इसके साथ भी करना चाहते हैं.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 327 राजभवन के निवासी आज की रात खुले आकाश के नीचे व्यतीत करेंगे

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



गंगा तट पर समय ठहर गया है। लक्ष्मण जी ने पास में दीपशिखा प्रज्वलित कर दी है। इससे दीपशिखा का प्रकाश आसपास के पेड़ पौधों के पत्तों में भी प्रतिबिंबित हो रहा है। निषादराज ने कहा, ''श्री राम! कृपया मुझे अभी यहां से जाने की आज्ञा न दीजिए क्योंकि मैं आज रात्रि यहीं रुककर आपकी सेवा करना चाहता हूँ।''

''इसकी कोई आवश्यकता नहीं है राजन! आप श्रृंगवेरपुर के राजा हैं और आपको अपने पूर्व निर्धारित कार्यों के लिए समय प्रदान करना चाहिए।अगर एक मित्र के रूप में भी आप रूकना चाहते हैं तो आप दिनभर थक गए होंगे। अतः आपको भी विश्राम की आवश्यकता है।'' श्री राम ने उन्हें समझाया।

''अगर साथ आपका है तो विश्राम की आवश्यकता ही नहीं है राजकुमार जी!आपका मिलना स्वयं ही स्फूर्तिदायक और आनंदपूर्ण है। अतः यह मेरा सौभाग्य है कि मैं आपके साथ यहां तब तक रह पाऊंगा, जब तक आपके चरण इस राज्य में पड़े हैं।'' निषादराज ने श्री राम को भावपूर्ण उत्तर दिया।

''आपकी इस भावना से मैं अभिभूत हूं राजन! अगर आपकी यही इच्छा है तो आप साथ रहें और यह मेरे लिए भी हर्ष का विषय है।'' श्री राम ने उत्तर दिया।

''अभी भी मेरा निवेदन यही है प्रभु, अगर आप नगर के भीतर प्रवेश नहीं करना चाहते हैं तो इस नगर के बाहर भी आपके ठहरने के लिए उत्तम भवन हैं,जहां आप रात्रि विश्राम कर सकते हैं। इससे देवी सीता को भी उचित विश्राम मिल जाएगा।'' निषाद राज ने कहा।

''धन्यवाद निषादराज जी! मुझे कोई असुविधा नहीं होगी और प्रश्न केवल आज का नहीं है बल्कि आने वाले 14 वर्षों तक हमें ऐसे ही तापस जीवन व्यतीत करना होगा।मैं इसके लिए मानसिक रूप से भी तैयार हूं।'' सीता जी ने आत्मीयतापूर्वक उत्तर दिया।

लक्ष्मण जी ने श्री राम और सीता जी के शयन के लिए शय्या तैयार करना प्रारंभ किया।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## कविता

### 'बाल मेला'

नई सुबह नई चेतना
जैसे समय अलबेला है।
मुस्काते गीत गाते चहकते चेहरे
अजी आज बालमेला है।।
यह क्या हो रहा है
पूछ रहे गांव वाले-
स्कूल में क्यों ऐसा रेलम-पेला है?
चाट पकोड़े गुपचुप भेल
और ना जाने क्या-क्या?
लगे हैं यहां रेहड़ी
बहुत सारे भी ठेला है ।
मासूमियत भरे चेहरे
हिसाब में मशगूल हैं जनाब ।
घाटा न हो जाए बस
मन में यही एक झमेला है।
गुरु हो गए हैं ग्राहक
आज उस्ताद तो चेला है ।
प्रैक्टिकल लाइफ है साहब
यह अंदाज भी भा
रहा लोगों को
क्योंकि आज हमारे स्कूल में
'बाल मेला' है।



रोशन साहू ''मोखला''
(राजनांदगांव),
7999840942

## शब्द सामर्थ्य -251

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्माननीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**
1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 250 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | य | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्ष | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सौ |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |

## सू- दोकू क्र.251

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.250 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

# कॉफी में घी डालकर पीने के फायदे



कॉफी में घी डालकर पीने का एक नया ट्रेंड इन दिनों चर्चा में है. इसे 'बुलेटप्रूफ कॉफी' कहा जाता है, जो खासकर हेल्थ और फिटनेस के शौकिनों के बीच इन दिनों काफी लोकप्रिया हो रहा है. यह खासतौर पर वजन घटाने और एनर्जी लेवल बढ़ाने के लिए सेवन किया जाता है. आजकल हर फिटनेस फ्रीक अपने दिन की शुरूआत एक कप कॉफी के साथ करता है, ताकि वो अपने हेल्थ को बूस्ट कर सके. ऐसे में आइए जानते हैं कि कॉफी में घी डालने के क्या फायदे हो सकते हैं :जब आप कॉफी के साथ घी पीते हैं, तो यह आपको लंबे समय तक एनर्जेटिक रखता है, जिससे आप दिनभर एक्टिव और फोकस्ड महसूस करते हैं. आपको बता दें कि घी में मौजूद रूष्ट्रञ्जह्य मेटाबोलिज्म को बढ़ावा देते हैं और आपकी वेट लॉस जर्नी को आसान बनाते हैं. यह आपको असल में यह लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराते हैं, जिससे ओवरईटिंग और अनहेल्दी स्नैक्स खाने से बचा जा सकता है.

आपको बता दें कि कॉफी के साथ घी पाचन क्रिया को बेहतर करता है. क्योंकि घी में ब्युटिरीक एसिड होता है, जो आंतों को स्वस्थ बनाए रखता है, और साथ ही यह कब्ज की समस्या को भी दूर करने में मदद कर सकता है. वहीं, घी शरीर में हार्मोन्स को भी मैनेज करने का काम बखूबी करता है.

इसके अलावा कॉफी के साथ घी का सेवन आपकी त्वचा को भी निखारने का काम करता है. दरअसल, घी में विटामिन ए, ई और के होता है, जो बाल और त्वचा के लिए फायदेमंद होता है. इससे स्किन की चमक बनी रहती है.

### कैसे बनाएं घी वाली कॉफी

सबसे पहले एक कप कॉफी तैयार करें. इसमें 1 से 2 चम्मच घी डालें, फिर ब्लेंडर का उपयोग करें, ताकि कॉफी और घी पूरी तरह से मिक्स हो जाएं. स्वाद बढ़ाने के लिए आप इसमें थोड़ा सा शहद या दालचीनी पाउडर भी डाल सकते हैं.

### कॉफी के साथ घी खाने के क्या हैं फायदे

घी में कैलोरी की मात्रा अधिक होती है, इसलिए सीमित मात्रा में ही सेवन करें. यह खासकर उन लोगों के लिए फायदेमंद है, जो केटोजेनिक डाइट या लो-कार्ब डाइट फॉलो करते हैं. यदि आप वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं, तो इस पेय को अपनी कैलोरी सीमा के भीतर ही पिएं.

## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप किसी की मदद करेंगे जिससे आपको ख़ुशी मिलेगी। आज आप काम में अपने किसी मित्र का सहारा ले सकते हैं। ऑफिस के काम में आज आपके सामने कई चुनौतियां भी आएगी। धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के आसार खुलेंगे। आज आप अपने लक्ष्य से भटक भी सकते है।

**वृष राशि**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपके विरोधी भी आपके काम की सराहना करेंगे। धार्मिक कामों में आपका मन लगेगा। आज आपके कॉन्फिडेंस से कोई काम बन जायेगा। आज मार्किट से कोई मनपसंद वस्तु खरीदने का मन बना सकते हैं। नयी कार्य योजनाओं को स्टार्ट करने के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपके सामने लाभ के कुछ नए अवसर आयेंगे, जिन्हें आपको चूकना नहीं है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आज आपके कठिन परिश्रम का लाभ मिलने से मन में खुशी का भाव बना रहेगा। आज समाज में आपके अच्छे काम से आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

**कर्क**
आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपके घर में कोई मेहमान आ सकता है, जिससे घर में खुशियां ही खुशियां होंगी। समाज के लोग आपके अच्छे व्यवहार से खुश होंगे, तारीफ मिलेगी। आज काम अधिक होने के कारण मेहनत अधिक करनी पड़ सकती है, आपका पेशेंस आपको सफलता दिलाएगा।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज ऑफिस में आपका काम देखकर जूनियर आपसे बहुत कुछ सीखेंगे। आज बिजनेस में वर्तमान व्यवस्था को उचित बनाए रखने में आपका समय बीतेगा। आपको इसका सकारात्मक परिणाम भी हासिल होगा। इसलिए अभी किसी नए काम को शुरू ना करें।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज छात्रों का मन पढ़ाई में लगा रहेगा। आप जिस काम में काफी दिनों से व्यस्त थे वो काम आज पूरा हो जायेगा, आप काम करने के नए टारगेट बनायेंगे। आज आपका मन इश्वर की आराधना में लगेगा आप किसी मंदिर जाकर पूजा अर्चना करेंगे। आज बिजनेस में आपको सफलता मिलेगी।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज माता-पिता के साथ किसी रिश्तेदार के घर जायेंगे जहाँ आपको काफी अच्छा लगेगा। आपका अच्छा स्वभाव लोगों का प्रिय बनायेगा। आपकी सुख-सुविधाएं बनी रहेगी। आज छात्रों को पढ़ाई या करियर से जुड़ी समस्याओं का हल मिलेगा।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। काम को लेकर किसी तरह का डर मन में न रखें। आज ऑफिस में किसी से आपकी बहस हो सकती है। कुछ लोग आपके विरुद्ध प्लानिंग कर सकते हैं। आपको ऐसे लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। शारीरिक रूप से आपको थोड़ी थकावट महसूस हो सकती है।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपका कोई रुका काम पूरा हो जायेगा। आज सोसाइटी से संबंधित किसी विवाद में आपका प्रस्ताव निर्णायक साबित होगा। आज स्टूडेंट्स का कॉन्फिडेंस बढ़ा रहेगा, किसी नए टॉपिक की शुरुआत होगी। आपका दिन व्यस्तता और भाग-दौड़ में बीतेगा।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप जो भी चाहेंगे वो सारे काम आपके मन-मुताबिक पूरे होंगे। नौकरी करने वाले लोगों के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। कोई भी बड़ा कार्य करने से पहले अपने बड़ों की राय लेना न भूलें, इससे आपको आगे बढ़ने में आसानी होगी।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज परिवारजन आपसी सामंजस्य द्वारा घर की किसी समस्या का हल निकालने में सक्षम रहेंगे, परिवार में ख़ुशी का माहौल बना रहेगा। आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग बनायेंगे, जहाँ आपको काफी शांति महसूस होगी। विद्यार्थी आज काम और पढ़ाई में बैलेंस बनाकर चलेंगे।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। ट्रांसपोर्ट के व्यापारी आज किसी बुकिंग से अच्छा लाभ कमाएंगे। आज आपके माता-पिता की नाराजगी आपसे खत्म होगी। आपके आसपास कोई धार्मिक कार्यक्रम होगा जिसमें आपका परिवार शामिल होगा। डाइबिटीज की समस्या से आज कुछ हद तक आराम मिलेगा।

# जिले में प्रतिबंधित नशीली दवाईयों के विरुद्ध चलाया जा रहा अभियान

## पुलिस एवं औषधि विभाग के संयुक्त टीम द्वारा मेडिकल दुकानों का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

**स्कूल कालेजों के आसपास विशेष रूप से की जा रही है निगरानी**



खैरागढ़ (दावा)। प्रतिबंधित नशीली दवाइयों के खिलाफ केसीजी जिले में चलाया जा रहा है अभियान, स्कूल कालेजों के आसपास विशेष रूप से की जा रही है निगरानी। पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई त्रिलोक बंसल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश कुमार गौतम के निर्देशन पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़ लालचन्द मोहले के दिशा निर्देश में थाना प्रभारी खैरागढ़ अनिल शर्मा के नेतृत्व में लगातार अपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार 29 नवंबर को ड्रग्स इस्पेक्टर प्रियंका ध्रुव राजनांदगांव एवं उनकी टीम के साथ थाना का संयुक्त टीम तैयार कर क्षेत्र मे संचालित मेडिकल दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया।। मेडिकल दुकानों में उपलब्ध दवाईयों के स्टॉक, बिल, बिक्री रसीद, चिकित्सक के पर्ची का नियमानुसार बारिकी से चेक किया गया। सभी मेडिकल संचालकों को प्रतिबंधित नशीली दवाईयां मेडिकल स्टोर्स में नही रखने, बगैर चिकित्सक के सलाह के बगैर पर्ची दवाई बिक्री नहीं करने के संबंध में समझाईश दी गई। साथ ही सम्पूर्ण जिले में स्कूल कालेजों के आसपास भी विशेष रूप से निगरानी कर नशीली दवाओं के कारोबार करने वालों पर नजर रखी जा रही है, आम नागरिकों से भी अपील कर प्रतिबंधित नशीली दवाईयों की बिक्री के संबंध में कोई भी जानकारी होने पर अपने थाना, कंट्रोल रूम 94792-47401या 112 में कॉल कर जानकारी देवे, नशीली दवाओं के बिक्री के विरुद्ध जिला पुलिस का अभियान जारी है।

# तालाब ठेकेदार द्वारा मछली मारने वाले पर मारपीट की झूठी शिकायत करने को लेकर पुलिस में की गई शिकायत



डोंगरगढ़(दावा)। तालाब ठेकेदार मानिकलाल वर्मा आ. जैलुराम वर्मा, जाति लोपी, निवासी ग्राम पलान्दुर ने तालाब में मछली को अवैध रूप से लकड़ी की डंडी से मारने की शिकायत पुलिस में की है। शिकायत में कहा गया है कि, मेरे निजी तालाब में दिन प्रतिदिन मेरी अनुपस्थिति में अनेक लोग अवैध रूप से मछली की चोरी कर रहे हैं जिसकी लिखित व मौखिक शिकायत पुलिस में लगातार की जा रही है।

विगत अनेक दिनों से ग्राम के सुखदेव पिता सेउक राम विश्वकर्मा, बसंत-आ सुकालु विश्वकर्मा शिव आ. सुकालु विश्वकर्मा, बालमुकुन्द आ. सुखदेव सभी निवासी ग्राम पलान्दुर के द्वारा मेरी अनुपस्थिति में मछली को लकडी की डंडी (गल) से मारकर मछली को बेचते है। शराब पीते है तथा प्रतिदिन दिन में 4-5 बार मछली मारने तालाब में आता है तथा सुबह से रात 9 बजे तक हमेशा लकड़ी की बड़ी से मछली मारने के बाद प्रतिदिन 20 से 25 किलो प्रतिदिन मछली मार कर बेच देते है।

जिससे मुझे हजारों रुपए का नुकसान प्रतिदिन हो रहा है। कई बार पकड़ने की कोशिश की लेकिन आने के बाद भाग जाते थे कई बार पकड़ा हूं पर उसे छोड़ दिया गया कि ऐसा दुबारा मत करना। पर आज तक लकड़ी की डंडी से मछली मारते आ रहे है।

### तालाब में अवैध रूप से मछली मारने के दौरान सीढ़ी से पैर फिसलने पर घायल हुआ था ग्रामीण - तालाब ठेकेदार

गत 5 नवंबर 2024 के दिन दिन मंगलवार को करीब 3 बजे बसंत आ. सुकालु 3 किलो मछली लकड़ी की डंडा सहित पकड़ाया उसको समझाया गया ऐसा अगर परेशान करोगे तो थाना में शिकायत करूंगा। समझाईश दिया गया वहाँ पर जितेन्द्र यादव आ. तीजूराम यादव मेरे साथ थे। उनके द्वारा भी समझाया गया।

दिनांक 6 नवंबर 2024 को दिन गुरुवार को शाम 5:30 बजे मैं तालाब घुमने निकला तो देखा कि, आदतन मछली की चोरी करने वाले चारों ग्रामीण तालाब के पास लकड़ी के डंडी से मछली पकड़ रहे थे। मेरे आवाज देने पर बसंत, बालमुकुन्द, शिव भाग गये और सुखदेव तालाब के पचरी में बैठा था। वह लकड़ी के डंडी से मछली पकड़ रहा था। करीब वह 2 किलो मछली पकड़ा था। मुझे देखकर घचरी में डगमगा गया और नशे की हालत मै था जिससे भागने की कोशिश में पैर फिसल गया तो वह पचरी में गिर गया मैने उसे छोड़कर पुलिस थाना मोहारा उसी समय 6 बजे थाना में दिनांक 6 नवंबर को आवेदन प्रस्तुत किया। पुलिस से अनुरोध किया गया की आरोपियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर दंडात्मक कार्यवाही किये जाने की कृपा की जावे।

# पहला कॉलम...

## स्वच्छता दीदी व भैया को मिला स्वच्छता किट



डोंगरगांव (दावा)। स्थानीय नगर पंचायत सभा कक्ष में मिशन क्लीन सिटी अंतर्गत स्वच्छता दीदियों को मिशन क्लीन सिटी की साड़ी एवं स्वच्छता संबंधी अन्य सामग्री प्रदान की गई। इसी प्रकार मिशन क्लीन सिटी के भैया लोगों को लोअर, टीशर्ट एवं स्वच्छता संबंधी अन्य सामग्री नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा निषाद एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनम्र जेमा द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, मिशन क्लीन सिटी के स्वच्छता दीदी एवं ड्राइवर, हेल्पर व भईया उपस्थित रहे।

## सरपंच जोगेंद्र कश्यप के बियारे में रखे 10 एकड़ धान की खरही में लगी आग



गंडई पंडरिया (दावा)। नगर से महज लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम बिरनपुर निवासी सरपंच जोगेंद्र कश्यप और मनहरण कश्यप दोनो के धान की खरही(पैरावट) में आग लग गई।

घटना शुक्रवार 29 नवंबर दोपहर 11:30 बजे दोपहर की बताई जा रही है। आगजनी का कारण अज्ञात है, गांव वाले को जानकारी होने पर आग बुझाने अपने स्तर पर प्रयास करते देखा गया, इधर घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेट की गाड़ी भी मौके पर पहुंचकर आग बुझाने मशक्कत करते नजर आए, क्षेत्र के पटवारी एच एल ध्रुव मौके पर घटना स्थल पहुंचकर राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्रकरण तैयार कर तहसीलदार को सुपुर्द किया है।

## छात्र-छात्राओं को दी गई सुजोक एक्यूप्रेशर थैरेपी की जानकारी



डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ पीजी डिप्लोमा इन योगा साइंस के छात्र-छात्राओं को योग विभाग प्रभारी मंजू धनकर द्वारा 29 नवम्बर को सुजोक एक्यूप्रेशर थेरेपी की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सुजोक एक्यूप्रेशर थैरेपी मे रंग के साथ थेरेपी, अनाज के बीजों, चुंबक के जरिए विभिन्न बीमारियों का इलाज किया जाता है जो हमारे शरीर के सभी अंगों और भागों के अनुरूप सक्रिय बिंदुओं की प्रणालियों के स्थान है। इसलिए इन बिंदुओं की उत्तेजना एक उपचारात्मक प्रभाव पैदा करती हैं जिससे यह हमारे शरीर में तनाव को कम करता है और मांसपेशियों को आराम देने में मदद करता है, सूजन को कम करता है। यह पद्धति बिना कोई साइड इफेक्ट के यह हमारे शरीर के रोगों एवं दर्द को दूर करती है। सुजॉक थैरेपी एक वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति है जो एक्यूप्रेशर पर आधारित है। उक्त जानकारी देते हुए एक्यूप्रेशर पद्धति से छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया।

## रेलवे में 16 दिसंबर को पेंशन अदालत

### 5 दिसंबर तक आवेदन करने की अंतिम तिथि

डोंगरगढ़(दावा)। रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल में पेन्शन अदालत का आयोजन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के सभा कक्ष में दिनांक 16 दिसंबर (सोमवार) को प्रातः 11.00 बजे से किया जायेगा। मंडल के समस्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एतद् द्वारा सूचित किया गया है कि वे अपने आवेदन दो प्रति में पूर्ण दस्तावेज के साथ जिसमें पी.एफ. नम्बर, सेवानिवृत्ति तिथि, पी.पी.ओ. नम्बर, विभाग व पद, मामले की जानकारी एवं पता लिखना अनिवार्य है।

दिनांक 5 दिसम्बर 2024 तक या इसके पूर्व वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी (पेंशन अदालत) को आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पर विचार नही किया जायेगा। पेन्शन अदालत में पेन्शन से सम्बन्धित शिकायतों का निराकरण किया जाता है। अगर किसी सेवानिवृत कर्मचारी को सेवानिवृत्ति के पश्चात मिलने वाला बकाया निपटान एवं पेंशन भुगतान सम्बन्धी कोई भी शिकायत है तो वे अवश्य आवेदन करें, जिससे उनकी समस्याओं का निराकरण किया जा सके। इस पेंशन अदालत में न्यायालय में विचाराधीन, विवादास्पद, उत्तराधिकारी मामला तथा अन्य नीतिगत मामलों, रेलवे बोर्ड में लंबित प्रकरण मामलों को शामिल नहीं किया जायेगा।

# खैरागढ़ कालेज रासेयो सात दिवसीय शिविर कुलीकसा में उद्घाटित



खैरागढ़ (दावा)। रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ सात दिवसीय रासेयो शिविर कुलीकसा में शुक्रवार 29 नवम्बर से गुरुवार 5 दिसम्बर 2024 तक आयोजित है। रासेयो शिविर का उद्घाटन प्रभारी प्राचार्य डॉ. जितेन्द्र साखरे की अध्यक्षता में हुआ, वही विशिष्ट अतिथि विश्वनाथ वर्मा, सेवानिवृत्त ग्रंथपाल व पूर्व कार्यक्रम अधिकारी जे के वैष्णव, कार्यक्रम अधिकारी यशपाल जंघेल, पंचगण एवं शिक्षकों की उपस्थिति में उद्घाटित हुआ। सर्वप्रथम मां सरस्वती, स्वामी विवेकानन्द, मां भारती के तैल चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। अतिथियों का रासेयो बैच लगाकर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। रासेयो गीत समस्त छात्रों ने एवं स्वागत गीत लीना वर्मा, गौरी यदु ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी प्राचार्य डॉ. जितेन्द्र साखरे ने स्वामी विवेकानन्द के चरित्र को अपनाने एवं युवाओं को शिविर अवधि में लक्ष्य अनुरूप अनुशासित रुप से कार्य करने प्रेरित किया। सेवा निवृत्त ग्रंथपाल व पूर्व कार्यक्रम अधिकारी जे के वैष्णव ने रासेयो शिविर 2024 के थीम, युवा भारत के लिए युवा, डिजिटल भारत के लिए युवा को रेखांकित करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को डिजिटल युग में उसके उपयोग के महत्व बताते हुए जन जागरुकता अभियान चलाने कहा। रासेयो लक्ष्य एवं उद्देश्य को बताते हुए, सात दिवसीय रासेयो शिविर के समय सारिणी को विस्तारपूर्वक बताया।। शिक्षक बी के मेश्राम ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य अनुसार क्रियान्वयन पर ग्रामीणों से सहयोग की बात कही। कार्यक्रम अधिकारी यशपाल जंघेल ने सात दिवसीय रासेयो शिविर आयोजन की संपूर्ण जानकारी देते हुए। शिविर लगाने हेतु सरपंच सहित ग्राम पंचायत कुलीकसा निवासी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षक धरमपाल वर्मा, ए आर जोशी, सरस्वती वर्मा, विकास चोपड़ा, रामकुमार वर्मा, पंच सहित गणमान्य नागरिक, दलनायक टिकेन्द्र वर्मा, ताम्रध्वज वर्मा, लीना वर्मा, गौरी यदु, सीमा वर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन गिरवर साहु ने एवं आभार प्रदर्शन टिकेन्द वर्मा ने किया। छात्र-छात्राओं के दल के द्वारा शुक्रवार 29 नवंबर को शिविर उद्घाटन पश्चात भव्य रैली के माध्यम से आकर्षक वेशभूषा में जन जागरुकता अभियान चलाया।

# जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया



डोंगरगढ़/कलकसा (दावा)। डॉ. आंबेडकर आदिवासी आवासीय विद्यालय ग्राम बछेराभाटा में भारत के '75वें संविधान दिवस' के अवसर पर विशेष प्रकार के नयनाभिराम कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम डॉ. अंबेडकर के चित्र में पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

छात्रों द्वारा 'संविधान की प्रस्तावना' को पढ़ा गया। साथ ही विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई जिसमें शाला के प्रधानाचार्य एस.जी.मेश्राम ने सभी शिक्षकगण एवं छात्रों को संविधान की रक्षा का संकल्प दिलवाया शाला की संचालिका एवं समाज सेविका श्रीमती नलिनी मेश्राम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे संचालिका ने इस अवसर पर शाला को संबोधित करते हुए संविधान के विषय में तथा उसके महत्व और संविधान के सृजन करता के रूप में अहम भूमिका निभाने वाले डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विषय में बताया साथ ही विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के अंतर्गत प्रत्येक नागरिक के अधिकार एवं कर्तव्यों के विषय में जानकारी दी।

विद्यालय के प्रधानाचार्य एस.जी.मेश्राम ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा संविधान हमारे देश के प्रत्येक नागरिक को उसके अधिकारों एवं कर्तव्यों का बोध कराते हुए एक सुसंगठित एवं सभ्य समाज का निर्माण करने का अवसर प्रदान करता है अतः विद्यार्थियों को भी अपने संविधान के अपने देश के संविधान के विषय में जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। तत्पश्चात छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए छात्रों ने नशा मुक्ति पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए आदिवासी क्रांतिकारी नेता बिरसा मुंडा के चरित्र पर आधारित नाटक प्रस्तुत किए।

भारत के क्रांतिकारी नेताओं के ऊपर जोशीले भाषण प्रस्तुत किए मनभावन कविता प्रस्तुत किए आदिवासियों के जीवन पर आधारित पेंटिंग बनाएं। छात्रों ने डॉ. अंबेडकर, राजेंद्र प्रसाद, नेहरू जी, सरदार वल्लभ, अब्दुल कलाम की वेशभूषा धारण कर सबको आश्चर्यचकित कर दिया जिस तरह से छात्रों ने स्वतंत्रता से सेनानियों के जीवन चरित्र प्रस्तुत किया वह पल भाव-विभोर करने वाला था और साथ में प्रेरणा दायक और आश्चर्य चकित था।

# संस्कृति विभाग एवं इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में तानसेन संगीत समारोह का हुआ आयोजन

## विश्व प्रसिद्ध मूर्धन्य कलाकारों द्वारा गायन, सितार वादन एवं सरोद वादन की दी गई प्रस्तुति



**कलाकारों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां**

खैरागढ़ (दावा)। विश्व प्रसिद्ध तानसेन संगीत समारोह के शताब्दी वर्ष के तहत मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग एवं इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार 26 नवंबर को विश्वविद्यालय के परिसर क्र. 02 स्थित नरेन्द्रदेव प्रेक्षागृह में तानसेन संगीत समारोह 2024 का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम मे प्रेम कुमार पटेल, कुलसचिव इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़, अधिष्ठाता संगीत संकाय प्रो.डॉ. नमन दत्त तथा भूतपूर्व प्रोफेसर एवं मूर्धन्य तबला वादक पं. मुकुंद भाले, मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के प्रतिनिधि संजय मिश्रा सहित विश्वविद्यालय के अधिष्ठातागण व प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। संध्याकालीन संगीत कार्यक्रम के पूर्व दोपहर 12 बजे तानसेन पर केन्द्रित एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा में प्रो.नमन दत्त, विवेक नवरे, डॉ. हरिओम हरि एवं डॉ. लिकेश्वर वर्मा विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। शाम 6 बजे विश्वप्रसिद्ध मूर्धन्य कलाकारों द्वारा गायन, सितार वादन एवं सरोद वादन की प्रस्तुति दी गई। सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की कांस्य प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवल कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके बाद पं. अरूण मोरोने एवं आयुष मोरोने (इंदौर) के द्वारा सितार वादन की प्रस्तुति दी गई।। जिसमें तबला संगत पं. अरविंद आजाद (पुणे) ने की। सितार वादन में मूर्धन्य कलाकारों ने राग झिंझोटी की नयनाभिराम प्रस्तुति दी। इस प्रस्तुति ने दर्शक दीर्घा को मंत्रमुग्ध कर दिया, खासकर पं. अरविंद आजाद के तबला वादन ने खूब तालियां बटोरी। इसके पश्चात पं. भुवनेश कोमकली (देवास) के द्वारा गायन की प्रस्तुति दी गई जिसमें तबले पर रामेन्द्र सिंह सोलंकी (भोपाल) तथा हारमोनियम पर श्रीकांत पीसे (नागपुर) ने संगत की वहीं तानपुरा पर वर्षिता वंशावली व रोहिणी साहू ने संगत की। अंतिम प्रस्तुति में पं. जयदीप घोष (कोलकाता) के द्वारा सरोद वादन की प्रस्तुति दी गई जिसमें तबला संगत पार्थ सारथी मुखर्जी (भिलाई) ने की। इस दौरान पं. जयदीप घोष की प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. लिकेश्वर वर्मा एवं जगदेव नेताम ने किया साथ ही इस संपूर्ण कार्यक्रम का संयोजन डॉ. लिकेश्वर वर्मा ने किया।

# दीवार लेखन के साथ युवाओं को दिलाया जल संरक्षण के लिए संकल्प



ठेलकाडीह (दावा)। राजनांदगांव ब्लॉक के ग्राम पंचायत चवलढाल में युवाओं ने दीवार लेखन कर जल संरक्षण के लिए संकल्पित हुए। इस मौके पर स्वयंसेवक तेजस्वी वर्मा ने युवाओं को जल संरक्षण व स्वच्छता संबंधी जानकारी एवं दीवार लेखन के माध्यम से जागरूक किया। इस दौरान वर्मा ने युवाओं को बताते हुए कहा कि एक बार जब युवा वर्ग ठान ले तो दुनिया में कोई काम असंभव नहीं है। हवा व पानी को बचाने का समय आ गया है। हमें बूंद-बूंद पानी बचाने के साथ ही हवा को स्वच्छ रखने की जवाबदेही निभानी होगी। तभी हम अपनी भावी पीढ़ियों को एक बेहतर पर्यावरण दे सकेंगे, इसके लिए हरियाली चाहिए। ऐसे में जल जीवन व हरियाली एक दूसरे के प्रयाय हैं। हमें इसकी उपयोगिता व महत्व को समझना होगा। उन्होंने युवाओं को इस अभियान को सफल बनाने के लिए संकल्प दिलाया।

### दीवारों में जल संरक्षण के संदेश

आपको बता दे कि गुरुवार को ग्राम चवलढाल में स्वयंसेवकों ने गांव के चौक चौराहों में साफ-सफाई कर दीवाल लेखन के माध्यम से जल संरक्षण स्वच्छता संबंधी नारा लिखकर लोगों को जागरूक किया, इस मौके पर युवक-युवतियां उपस्थित रहे।

# बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए अनुशासन में रखना जरूरी - टीकेश साहू



**जारवाही स्कूल में लगा बालमेला**

डोंगरगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम जारवाही के स्कूल प्रांगण में बालमेला का आयोजन शाला परिवार व ग्रामीणों के सहयोग से किया गया। जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार मिठाई, गुपचुप, चाट पकौड़े व खाई खजाने का स्टाल लगाकर क्रय विक्रय किया गया। कार्यक्रम में शामिल होने वाले अतिथि से लेकर बच्चों ने स्वाद का लुत्त उठाया।

इस दौरान टीकेश साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगांव ने कहा कि पंडित नेहरू बच्चों के प्रति अपने प्यार और स्नेह के लिए प्रसिद्ध थे। उनका मानना था कि बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए सबसे जरूरी है कि उन्हें अच्छे अवसर और सही दिशा मिले। बाल दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हम सभी बच्चे बहुत खास हैं। हम सबके अंदर कुछ खास प्रतिभाएं हैं, जिनसे हम समाज में बदलाव ला सकते हैं स्कूल में पढ़ने वाले छात्र छात्राए हमारे देश का भविष्य है इन्हीं नन्हें छात्र-छात्राओं के हाथों में होगा शिक्षक एक कुम्हार के रूप में होता है और बच्चे कच्चे मिट्टी की तरह बच्चों को जिस रूप में ढालेंगे वैसे बनेगा इसलिए शिक्षक का रोल अहम भूमिका होता है बच्चे भी आज नवाचार करके अपने प्रतिभा को निखार रहें हैं। हम सभी पालकों को बच्चों के गतिविधियों पर ध्यान रखते उनके बेहतर प्रयासों को सदैव प्रोत्साहित करना चाहिए।

उक्त कार्यक्रम में जागेश्वर यादव जनपद सदस्य, पुरूषोत्तम साहू, भूषण देवांगन, लोकेश सिन्हा व स्कूल समिति अध्यक्ष बुधराम साहू, रामचंद्र चंद्रवंशी, हेमराय चंद्रवंशी, उत्तम कंवर, सुंदर सिन्हा, दुधे सिन्हा, प्रधानपाठक श्री देवांगन सहित शिक्षकगण व ग्रामीण इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी प्रमुख भूमिका निभाई।

# भाजपा सरकार सदैव किसानो के हित मे काम करती है- गीताघासी साहू

**खोभा सहकारी समिति के प्राधिकृत अध्यक्ष धन्नालाल यादव ने लिया पदभार**



छुरिया (दावा)। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति खोभा (सड़क चिरचारी) में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती सारिका जैन सरपंच ग्राम पंचायत सड़क चिरचारी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत सम्मान फूलमाला पहनाकर, बैच लगाकर स्वागत सम्मान किया गया। प्राधिकृत अध्यक्ष धन्ना लाल यादव ने पदभार ग्रहण किया। उक्त आयोजन पर राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में किसानों को 3100 रुपए के भाव से 21 क्विंटल धान खरीदी किया जा रहा है, जिससे किसानों में काफी उत्साह है उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार सदैव किसानों के हित में काम करती है व किसानों को उनके उपज का सही दाम देने का काम भाजपा सरकार करती है श्रीमती साहू ने आगे कहा कि किसानों को खरीदी केंद्र में किसी प्रकार से परेशानी ना हो नियमतः खरीदी हमारा प्रथम लक्ष्य है उन्होंने व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी कर्मचारियों से सहयोग प्रदान करने की अपील की।

इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डडसेना, एमडी ठाकुर वरिष्ठ भाजपा नेता, घासी राम साहू जिला महामंत्री, अजय पटेल मंडल अध्यक्ष छुरिया, संजय सिन्हा मंडल महामंत्री, मनीष जैन उपाध्यक्ष मंडल, शिवा मिश्रा सोसायटी अध्यक्ष बम्हनी चारभाठा, रोधन उइके, देवेंद्र महाराज पूर्व प्रबंधक, पलवी स्वामी नायडू, आनंद राम वेलेकर व ग्रामीण जन बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।

## पहला कॉलम...

### वियान मुल्डर श्रीलंका के खिलाफ बाकी बचे टेस्ट मैचों से बाहर

डरबन। श्रीलंका के खिलाफ डरबन में चल रहे पहले टेस्ट मैच के बाकी बचे मैच और गेकेबरहा में होने वाले अगले मैच में ऑलराउंडर वियान मुल्डर नहीं खेलेंगे। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने 5 दिसंबर से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच के लिए बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्ज़के को मुल्डर की जगह टीम में शामिल किया है। 24 वर्षीय मुल्डर ने पिछले महीने बांग्लादेश के खिलाफ मीरपुर में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था।

मुल्डर को डरबन में पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन बल्लेबाजी करते समय लाहिरू कुमारा की 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आई गेंद हाथ पर लगने के बाद चोट लगी थी। मुल्डर काफी दर्द में थे और दोबारा बल्लेबाजी करने से पहले उन्होंने कुछ समय लिया। लेकिन दर्द में मैदान से बाहर जाने से पहले उन्होंने सिर्फ दो और गेंदें खेलीं।

उसी सत्र में, जब दक्षिण अफ्रीका के नौ विकेट 145 रन पर गिर चुके थे, तब वे दोबारा बल्लेबाजी करने आए। उन्होंने और कैगिसो रबाडा ने अंतिम विकेट के लिए 26 रन जोड़े, जिसमें मुल्डर ने धनंजय डी सिल्वा की गेंद पर छक्का भी लगाया। इसके बाद लंच ब्रेक के दौरान लिए गए एक्स-रे से पता चला कि चोट कितनी गंभीर है, जिसके कारण अब वे दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे।

### ट्रूडो अमेरिकी कंपनी गूगल के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

ओटावाः कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो इस कदर बौखला गए हैं कि उन्होंने अब अपने मित्र जो बाइडेन से ही पंगा ले लिया है। ट्रूडो ने अमेरिकी कंपनी गूगल के खिलाफ मुकदमा दायर करा दिया है। इससे दोनों देशों के बीच कारोबार के मामले में नया तनाव पैदा होने की आशंका बढ़ गई है। बता दें कि कनाडा ने ऑनलाइन विज्ञापनों में कथित प्रतिस्पर्धा-विरोधी प्रथाओं को लेकर त्रशशद्दद्यद्द पर मुकदमा दायर किया है। कनाडा एंटीट्रस्ट वॉचडॉग ने गुरुवार को कहा कि वह टेक दिग्गज के ऑनलाइन विज्ञापन व्यवसाय में कथित प्रतिस्पर्धा-विरोधी आचरण को लेकर त्रशशद्दद्यद्द पर मुकदमा कर रहा है और चाहता है कि कंपनी अपनी दो विज्ञापन तकनीक सेवाओं को बेच दे और जुर्माना अदा करे। प्रतिस्पर्धा ब्यूरो ने कहा कि ऐसी कार्रवाई आवश्यक है क्योंकि त्रशश-द्दद्यद्द की जांच में पाया गया कि कंपनी ने बाजार में अपनी प्रमुख स्थिति बनाए रखने के लिए अपने विज्ञापन तकनीकी उपकरणों को ÷गैरकानूनी रूप से÷ एक साथ जोड़ दिया है। मामला अब प्रतिस्पर्धा न्यायाधिकरण के पास जा रहा है, जो एक अर्ध-न्यायिक निकाय है जो प्रतिस्पर्धा अधिनियम के गैर-अनुपालन के बारे में प्रतिस्पर्धा आयुक्त द्वारा सामने लाए गए मामलों की सुनवाई करता है।

### सड़क हादसा, स्टेट ट्रांसपोर्ट की बस पलटने से 9 यात्रियों की मौत, 25 घायल

गोंदिया। महाराष्ट्र के गोंदिया में आज एक बड़ा हादसा हुआ। यहां स्टेट ट्रांसपोर्ट की एक बस पलटने से 9 यात्रियों की मौत हो गई जबकि 25 लोग घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक गोंदिया कोहमारा स्टेट हाईवे पर ग्राम खजरी के निकट यह हादसा हुआ। बताया जाता है कि बाइक को बचाने के चक्कर में यात्री बस का भयानक हादसे का शिकार हो गई। इस हादसे में महाराष्ट्र सड़क परिवहन निगम की शिवशाही बस पलटने से कई यात्रियों की दबकर मौत हो गई। यह हादसा आज दोपहर 12 से 12.30 बजे के दम्यान हुआ। भंडारा से साकोली लखानी होते हुए गोंदिया की ओर जा रही शिवशाही बस ( नंबर रू॥09/श्वरू 1273) के सामने अचानक बाइक आ गई। बाइक सवार को बचाने के चक्कर में ड्राइवर ने कट मारी जिससे तेज रफ्तार बस पलट गई। हादसे के वक्त बस में 35 से अधिक यात्री सवार थे। बताया जाता है कि इनमें से 9 यात्रियों की मौत हो गई। मौत का आंकड़ा बढ़ भी सकता है। बस में सवार अन्य यात्री गंभीर रूप से जख्मी हो गए। चश्मदीदों के मुताबिक बस ड्राइवर यह घटनास्थल से फरार हो गया। राहगीरों के सूचना पर एंबुलेंस विभाग और पुलिस विभाग मौके पर पहुंचा घायल यात्रियों को निकाल कर इलाज के लिए गोंदिया के जिला शासकीय केटीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### शेयर बाजार, सेंसेक्स 759 और निफ्टी 217 अंक उछला

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में आज अच्छी बढ़त देखने को मिली। गुरुवार की बड़ी गिरावट के बाद आज शेयर बाजार ने उछाल के साथ हरे निशान में कारोबार शुरू किया और रिकवरी मोड में आ गया। हफ्ते के आखिरी दिन बीएसई सेंसेक्स 759.05 अंकों की उछाल के साथ 79,802.79 अंकों पर बंद हुआ और एनएसई का निफ्टी 50 भी 216.95 अंकों की तेजी के साथ 24,131.10 अंकों पर बंद हुआ। बताते चलें कि गुरुवार को स्टॉक मार्केट में भयानक गिरावट देखने को मिली थी। कल सेंसेक्स 1190.34 अंकों की गिरावट के साथ 79,043.74 अंकों पर और निफ्टी 360.75 अंकों की गिरावट के साथ 23,914.15 अंकों पर बंद हुआ था।

# महिला प्रीमियर लीग : 15 दिसंबर को बेंगलूरू में होगी खिलाड़ियों की नीलामी




नई दिल्ली। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 सीज़न की छोटी नीलामी 15 दिसंबर को बेंगलुरु में होगी. छोटी नीलामी में इंग्लैंड की कप्तान हीदर नाइट, न्यूज़ीलैंड की तेज़ गेंदबाज़ लिया ताहुहु, वेस्टइंडीज़ की ऑलराउंडर ड्रिएंड्रा डॉटिन कुछ बड़े अंतर्राष्ट्रीय नाम होंगे. वहीं भारतीयों में स्नेह राणा, लेग स्पिनर पूनम यादव और बल्लेबाज़ वेदा कृष्णमूर्ति होंगी. टीम बनाने के लिए पांचों फ़्रैंचाइज़ी के पास होगा 15 करोड़ का बजट, पिछली बार 13.5 करोड़ था बजट.

2023 और 2024 सीज़न की रनरअप दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी मेग लैनिंग के पास है और इनके पास सबसे छोटा 2.5 करोड़ का बजट है. वहीं पिछले दो सीज़न में सबसे नीचे रहने वाली गुजरात जायंट्स के पास सबसे अधिक 4.4 करोड़ का पर्स है. उन्होंने अपनी टीम से सात खिलाड़ी बाहर किए हैं और वे नई टीम बनाने को देख रहे हैं.

मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पास भारत की उपकप्तान स्मृति मंधाना और न्यूज़ीलैंड की टी20 विश्व कप विजेता कप्तान सोफ़ी डिवाइन हैं, उन्होंने भी सात खिलाड़ी रिलीज किए हैं. आरसीबी के पास 3.25 करोड़ का बजट है.

नवंबर की शुरुआत में प्री-सीज़न ट्रेड विंडो में एकमात्र खिलाड़ी डैनी व्याट ही एकमात्र खिलाड़ी रही जो ट्रांसफर हुई, जहां आरसीबी ने उनको कैश ट्रेड में यूपी वारियर्स (यूपीडब्ल्यू) से लिया. पिछले सीज़न चौथे स्थान पर रही यूपीडब्ल्यू के लिए व्याट पिछले साल एक भी मैच नहीं खेली.

पहला डब्ल्यूपीएल सीज़न पूरा मुंबई में खेला गया था. जबकि दूसरा सीज़न बेंगलुरु और दिल्ली में खेला गया था. बीसीसीआई इसी मॉडल को आगे बढ़ाने की इच्छुक है जिससे धीरे-धीरे नए वेन्यू को जोड़ा जाएगा. वहीं बोर्ड घर और बाहर के फ़ॉर्मेट को लाने का भी इच्छुक है. तीसरे सीज़न में पांच टीम फ़रवरी-मार्च 2025 के बीच तीन सप्ताह में खेलेंगी जबकि 2026 में जनवरी-फ़रवरी में टूर्नामेंट होगा.

# डोप टेस्ट में विफल स्वियातेक पर एक महीने का निलंबन



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय टेनिस की इंटीग्रिटी यूनिट ने उनका यह स्पष्टीकरण स्वीकार कर लिया था कि उन्होंने दवा के तौर पर इसका गैर-इरादतन सेवन किया था। यह टेनिस में हाल में डोप टेस्ट विफल होने का दूसरा बड़ा मामला है।

पांच बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक को प्रतिबंधित दवा सेवन के चलते एक महीने के लिए निलंबित किया गया है और उन्होंने यह सजा स्वीकार कर ली है। पोलैंड की 23 साल की स्वियातेक इस समय दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी हैं। अगस्त में प्रतियोगिता से इतर हुए डोप टेस्ट में वह विफल हो गई थी।

अंतरराष्ट्रीय टेनिस की इंटीग्रिटी यूनिट ने उनका यह स्पष्टीकरण स्वीकार कर लिया था कि उन्होंने दवा के तौर पर इसका गैर-इरादतन सेवन किया था। यह टेनिस में हाल में डोप टेस्ट विफल होने का दूसरा बड़ा मामला है। इससे पहले पुरुषों में दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी जानिक सिनर मार्च में एक स्टेरायड के चलते दो टेस्ट में फेल हो गए। यह यूएस ओपन से पहले का मामला है।

# इस्कॉन से जुड़े लोगों पर बांग्लादेश की कार्रवाई, 17 बैंक खातों पर लगाई रोक

ढाका। बांग्लादेश के वित्तीय अधिकारियों ने इस्कॉन से जुड़े 17 लोगों के बैंक खातों पर एक महीने के लिए रोक लगा दी है। इसमें हिंदु समुदाय के प्रमुख चेहरे चिन्मय कृष्ण दास का खाता भी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बांग्लादेश की वित्तीय खुफिया इकाई (बीएफआईयू) ने गुरुवार को विभिन्न बैंकों और वित्तीय संस्थाओं को यह आदेश जारी किया था कि वे अगले 30 दिनों तक इन खातों से लेन-देन को रोक दें।




इसके अलावा, बीएफआईयू ने इन सत्रह व्यक्तियों से कहा है कि वे अपने सभी व्यवसायों के बैंक खातों का ताजा और अपडेटेड विवरण तीन कामकाजी दिनों के भीतर संबंधित बैंकों को सौंपें। बांग्लादेश सम्मिलित सनातनी जागरण जोत संगठन के प्रवक्ता चिन्मय कृष्ण दास को सोमवार को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया था और उन पर देशद्रोह का आरोप लगाया गया। मंगलवार को चटगांव की एक अदालत ने उन्हें जमानत देने से इनकार किया और जेल भेज दिया। दास समर्थकों और सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प में एक वकील की मौत हुई। चिन्मय बांग्लादेश में पहले अंतरराष्ट्रीय कृष्ण चेतना सोसायटी (इस्कॉन) के प्रवक्ता रह चुके हैं। इससे पहले, बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा और चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी पर भारत सरकार ने भी चिंता जताई। विदेश मंत्रालय ने कहा था, हमने बांग्लादेश 'सम्मिलित सनातनी जोत' के प्रवक्ता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी और जमानत न दिए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। यह घटना बांग्लादेश में चरमपंथी तत्वों द्वारा हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर कई हमलों के बाद हुई है। हम बांग्लादेश के अधिकारियों से हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह करते हैं, जिसमें शांतिपूर्ण सभा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उनका अधिकार भी शामिल है।

# पाकिस्तान नहीं जाएगी भारतीय टीम, विदेश मंत्रालय ने सुरक्षा को लेकर जताई चिंता

नई दिल्ली. आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की मीटिंग में फैसला हुआ है कि टीम इंडिया को पाकिस्तान ना भेजा जाए. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार बीसीसीआई ने एक बयान जारी किया है कि उन्हें सुरक्षा संबंधी चिंताएं हैं. जिसका मतलब है कि उनके पाकिस्तान जाने की संभावना नहीं है. चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन अगले साल पाकिस्तान में होना है. मीटिंग में आज फैसला नहीं हो पाया है.



भारत सरकार ने कहा है कि अगर पाकिस्तान हाइब्रिड मॉडल के लिए तैयार नहीं होता है तो भारत इसकी मेजबानी की जिम्मेदारी लेगा. भारत आने के लिए विदेशी खिलाड़ियों को कोई दिक्कत नहीं आएगी. बीसीसीआई ने इसी बात को मीटिंग में रखी है. इसकी उम्मीद अब काफी है कि भारतीय टीम पाकिस्तान जाएगी. भारत सरकार ने साफ कह दिया है कि वह टीम नहीं भेजेगा.

वहीं, पीसीबी हाइब्रिड मॉडल के लिए तैयार नहीं है. पीसीबी के एक सूत्र ने कहा है कि अगर पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी के अधिकार खो देता है तो वह इस आयोजन से पीछे हट जाएगा. एक सूत्र ने बताया कि ऐसे मामले में, सरकार जिन विकल्पों पर विचार कर रही है, उनमें से एक विकल्प यह है कि पीसीबी से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा जाए कि पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी में भाग न ले.

पिछली बार भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी 2013 में जीती थी. उस समय एमएस धोनी की अगुआई वाली टीम बारिश से प्रभावित वनडे मैच में इंग्लैंड को हराने में सफल रही थी. 50 ओवर के मैच को 20 ओवर का कर दिया गया था. मेन इन ब्लू ने इस मैच में इंग्लैंड को पांच रन से हराया था.

# केकेआर के कप्तान बनेंगे वेंकटेश अय्यर !

नईदिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के लिए हुए मेगा ऑक्शन में केकेआर ने पिछले सीजन की तरह एक बार फिर चौंकाया. आईपीएल 2024 के लिए हुई नीलामी में मिचेल स्टॉर्क को 24.75 करोड़ देकर सभी को हैरान करने वाली इस टीम ने आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में वेंकटेश अय्यर को रिकॉर्ड कीमत देकर सभी को हैरान कर दिया है.

वेंकटेश अय्यर एक अच्छे बैटिंग ऑलराउंडर हैं. इसलिए केकेआर ने उन्हें जब रिटेन नहीं किया तो फैंस को हैरानी हुई. वेंकटेश पिछले कई साल से टीम से जुड़े हुए भी हैं. लेकिन केकेआर के पास वेंकटेश को लेकर बड़ा प्लान था और इसने ऑक्शन में फैंस को फिर से चौंकाया जब उसने वेंकटेश के लिए 23.75 करोड़ की बड़ी कीमत अदा की. केकेआर की बड़ी बोली ने वेंकटेश को लीग के महंगे खिलाड़ियों के साथ साथ कप्तानी की रेस में ला दिया है.

केकेआर ने ऑक्शन में वेंकटेश अय्यर पर जब से 23.75 करोड़ खर्च किए हैं तभी से ये माना जा रहा है कि वे इस टीम के अगले कप्तान बनने वाले हैं. हालांकि टीम ने अनुभवी अजिंक्य रहाणे को भी खरीदा है जो टीम इंडिया की कप्तानी तो कर ही चुके हैं. घरेलू क्रिकेट में मुंबई के कप्तान हैं और रणजी ट्रॉफी जीता चुके हैं लेकिन कप्तान के रुप में वेंकटेश का नाम ही फिलहाल चर्चा में है.

# लाइव क्रिकेट मैच के दौरान 35 वर्षीय खिलाड़ी की मौत

साभांजी । क्रिकेट में खिलाड़ियों को चोट लगना आम बात है। खिलाड़ी अक्सर चोटिल होते रहते हैं, लेकिन कई बार यह चोट इतनी गंभीर होती है कि खिलाड़ी की जान भी चली जाती है। ऑस्ट्रेलिया के फिलिप ह्यूज ऐसी ही एक दुर्घटना का शिकार हुए थे। शेफील्ड शील्ड टूर्नामेंट के दौरान एक बाउंसर उनके सिर पर लगी थी और कुछ देर बाद ही वह मैदान पर अपना होश खो बैठे थे। उनकी मौत से क्रिकेट जगत सन्न रह गया था। इससे सीख कर आईसीसी ने क्रिकेट में खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए कई इंतजाम किए। कुछ और ऐसे वीडियो भी सामने आए, जिसमें खिलाड़ियों को गलत जगह चोट लगने से उसकी मौत हो गई। हालांकि, अब महाराष्ट्र की जो घटना सामने आई है, उसमें खिलाड़ी को दिल का दौरा पड़ा और कुछ ही देर में उसकी जान चली गई।

यह घटना महाराष्ट्र के संभाजी नगर जिले में खेले गए एक क्रिकेट के मैच के दौरान की है। 35 साल के क्रिकेटर इमरान सिकंदर पटेल की जान दिल का दौरा पड़ने से चली गई। 28 नवंबर को गरवारे स्टेडियम में ये हादसा हुआ।

# अंडर-19 एशिया कप : भारत और पाकिस्तान कल होंगे आमने सामने

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान की टीमें जब-जब टकराती हैं रोमांच अपने सिर चढ़कर बोलता है। ये क्रिकेट की दुनिया की सबसे पुरानी प्रतिद्वंद्विता है जिसका इंतजार पूरा क्रिकेट वर्ल्ड करता है। एक बार फिर ये दोनों टीमें टकराने जा रही हैं। मौका है अंडर-19 एशिया कप। नौ बार की चैंपियन टीम इंडिया खिताब जीतने उतरेगी। दुबई में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में 13 साल के वैभव सूर्यवंशी टीम इंडिया का हिस्सा हैं। भारत अपने 10वें खिताब की तलाश करेगा।



इस टूर्नामेंट में भारत का पहला ही मैच पाकिस्तान से है। ऐसे में टीम इंडिया बिल्कुल भी इस मैच को हल्के में नहीं लेगी क्योंकि भारत के लिए ये मैच काफी अहम है। इस बार ये टूर्नामेंट 50 ओवरों के फॉर्मेट में खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान के अलावा बांग्लादेश और अफगानिस्तान भी इसमें हिस्सा ले रही हैं।

हाल ही में हुई आईपीएल की मेगा नीलामी में बिहार के 13 साल के वैभव सूर्यवंशी को राजस्थान रॉयल्स ने 1.10 करोड़ में खरीदा है। नीलामी में खरीदे जाने के बाद वैभव पहली बार किसी इंटरनेशनल टूर्नामेंट में खेलते नजर आएंगे। उनके ऊपर दबाव भी होगा कि अपनी प्रतिभा को दिखाएं और राजस्थान ने जो भरोसा उन पर जताया उस पर खरा उतरें। भारत और पाकिस्तान के बीच अंडर-19 एशिया कप का मैच 30 नवंबर को खेला जाएगा

## प्रथम पेज का शेष....

**विपक्षी सांसदों का जोरदार विरोध...**

बड़ा रहस्य यह है कि सरकार स्थगन का विरोध क्यों नहीं कर रही है। इसके विपरीत, सरकार मोदीनी पर भारतीय दलों की आक्रामकता को बढ़ावा दे रही है। खासकर मणिपुर, संभल और दिल्ली की कानून व्यवस्था पर। स्पष्ट रूप से इसके पास रक्षात्मक और क्षमाप्रार्थी होने के लिए बहुत कुछ है।

***महाराष्ट्र में सियासी हलचल तेज ....***

महाराष्ट्र में सियासी समीकरण जटिल- महाराष्ट्र में भाजपा, शिवसेना (शिंदे गुट), और एनसीपी (अजित पवार गुट) के बीच सत्ता साझा करने का फॉर्मूला अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। भाजपा ने 132 सीटों के साथ सबसे बड़ा दल बनकर उभरने के बावजूद सीएम पद की घोषणा नहीं की है। ऐसा कहा जा रहा है कि मराठा विधायकों की तादाद होने की वजह से देवेंद्र फडणवीस की जगह किसी और को सीएम बनाने पर चर्चा हो रही है।

***पूर्व मुख्यमंत्री पनीरसेल्वम को राहत...***

निदेशालय (डीवीएसी) को पूर्व मुख्यमंत्री और उनके परिजनों के खिलाफ दर्ज 2006 के आय से अधिक संपत्ति के मामले को वापस लेने की अनुमति दी गई थी। उच्च न्यायालय के इसी आदेश को पूर्व मुख्यमंत्री और अन्य की ओर से शीर्ष अदालत में चुनौती दी गई थी।

***मल्लिकार्जुन खड़गे बोले ...***

तैयारी में सुधार और हर चरण में सतर्कता बनाए रखने पर जोर दिया। एकजुटता और अनुशासन पर जोर- खड़गे ने पार्टी नेताओं के बीच आंतरिक कलह और सदस्यों द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ की गई नकारात्मक टिप्पणियों पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां पार्टी की संभावनाओं को नुकसान पहुंचाती हैं। उन्होंने कहा कि हमें हर हाल में एकजुट रहना होगा। कांग्रेस की जीत सामूहिक जीत है और हार भी सामूहिक है।

फैसले लेने की आदत डालनी होगी - खड़गे- कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि कांग्रेस को बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक असमानता जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहना चाहिए। उन्होंने जातिगत जनगणना की जरूरत पर जोर दिया और भविष्य के चुनावों के लिए तैयारी शुरू करने की अपील की। उन्होंने पार्टी को आधुनिक और प्रभावी संचार रणनीति अपनाने की सलाह दी ताकि राजनीतिक विरोधियों के दुष्प्रचार और गलत जानकारी का मुकाबला किया जा सके। खड़गे ने कहा, हमें कामकाज के पुराने तरीकों पर निर्भर रहना छोड़कर समय पर फैसले लेने की आदत डालनी होगी।

संविधान और गरीबों की आवाज- खड़गे ने संविधान निर्माण में कांग्रेस की अहम भूमिका को याद करते हुए कहा कि आज भारत विश्व में गर्व के साथ खड़ा है, यह केवल संविधान की वजह से संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को गरीबों और वंचित वर्गों की मजबूत आवाज बनना होगा। इस बैठक में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, केसी वेणुगोपाल और जयराम रमेश समेत अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए। महाराष्ट्र में हार, झारखंड में बेहतर प्रदर्शन- महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी गठबंधन की हार के बावजूद झारखंड में पार्टी का प्रदर्शन बेहतर रहा, जहां झामुमो गठबंधन ने जीत दर्ज की। हालांकि, हरियाणा में कांग्रेस को बीजेपी के हाथों हार का सामना करना पड़ा, जिसे पार्टी के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

***बिरसा मुंडा के परपोते मंगल....***

अत्यंत दुख हुआ है। उनका जाना उनके परिवार के साथ ही झारखंड के जनजातीय समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। शोक की इस घड़ी में ईश्वर उनके परिजनों को शक्ति दे।'

25 नवंबर से अस्पताल में चल रहा था इलाज- बता दें, मंगल मुंडा की शुक्रवार को हृदय गति रुकने से मौत हो गई। मंगल मुंडा 45 वर्ष के थे। उन्होंने राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में रात साढ़े 12 बजे अंतिम सांस ली। बताया गया कि झारखंड के खूंटी जिले में 25 नवंबर को एक यात्री वाहन की छत से गिरने के कारण मुंडा के सिर में गंभीर चोट आई थी। तब से अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था- झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्यपाल संतोष गंगवार ने भी मंगल मुंडा के निधन पर शोक व्यक्त किया। सीएम ने कहा, 'मंगल मुंडा के निधन की खबर से काफी दुखी हूं। उनका रिम्स में इलाज चल रहा था। मारंग बुरु (सर्वोच्च आदिवासी देवता) दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवार को दुख के इस कठिन समय को सहन करने की शक्ति दें।'

0 राज्यपाल ने परिवार के लिए प्रार्थना की- राज्यपाल संतोष गंगवार ने एक्स पर कहा, 'धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा के निधन की खबर बेहद दुखद है। शोक संतप्त परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदना। ईश्वर शोक संतप्त परिवार को यह दुख सहने की शक्ति दे।'

***सरकार की बड़ी पहल ...***

नक्सलियों और नक्सल पीड़ित परिवारों की सूची प्रदान करेंगे। इसके बाद जिला पंचायत द्वारा इस सूची का सर्वेक्षण और सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन उपरांत कलेक्टर के माध्यम से लाभार्थियों के लिए भूमि का चिन्हांकन किया जाएगा। इसके आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना के दिशानिर्देशों के अनुरूप आवास निर्माण की प्रक्रिया आरंभ होगी।

# डिजाइन में तिरंगा... कंधे पर 3 पट्टियां.. टीम इंडिया की नई ओडीआई जर्सी, हरमनप्रीत ने किया लॉन्च




नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टीम इंडिया की नई वनडे जर्सी लॉन्च कर दी है, जिसमें कंधों पर तिरंगे रंग का डिजाइन है और सफेद रंग की तीन पट्टियां भी हैं. भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह ने बोर्ड मुख्यालय में टीम की नई जर्सी को लॉन्च किया. बीसीसीआई ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें नई जर्सी की पहली झलक देखने को मिली. फैंस भी नए लुक वाली इस जर्सी की जमकर तारीफ कर रहे हैं.

महिला टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ 22 दिसंबर से वडोदरा में खेली जाने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के दौरान नई जर्सी पहनेगी. हरमनप्रीत ने कहा, जर्सी का लॉन्च करना सम्मानजनक है. वास्तव में खुशी है कि हम पहली टीम हैं, जो वेस्टइंडीज टीम के खिलाफ यह जर्सी पहनने जा रही है. मुझे यह जर्सी बहुत अच्छी लगी और यह वास्तव में खुशी की बात है कि हमें वनडे के लिए विशेष जर्सी मिली है. वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज से पहले हरमनप्रीत की अगुवाई वाली भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी, जहां वह पांच से 11 दिसंबर तक तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी. हरमनप्रीत ने कहा कि भारतीय टीम की जर्सी पहनना हमेशा खास होता है, क्योंकि इसे हासिल करने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है. उन्होंने कहा, मैं चाहती हूं कि भारतीय फैंस भी यह जर्सी पहन कर गर्व महसूस करें. एडिडास को अपना किट प्रायोजक बनाने के बाद से भारत ने अपनी जर्सी को लगातार अंतराल पर अपडेट रखने की कोशिश की है. भारत ने पिछले साल पुरुषों के वनडे वर्ल्ड कप और इस साल की शुरुआत में टी20 वर्ल्ड कप के लिए विशेष किट पहनी थी. पुरुष टीम ने मुंबई में भारत की टी20 वर्ल्ड कप जीत का जश्न भी मनाया. बस परेड के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई किट पहनी. भारतीय टीम की ट्रेनिंग किट भी अट्रैक्शन का पॉइंट है. ऑस्ट्रेलिया में ट्रेनिंग सेशन और मीडिया से बातचीत के लिए भारतीय टीम जिस सफेद पोलो और नीले कॉलर वाली जर्सी का यूज कर रही है, वह फैंस की पसंदीदा बन गई है.

# भारतीय मजदूर संघ द्वारा 1 दिसंबर से श्रमिक संपर्क पखवाड़े का आयोजन



राजनांदगांव(दावा) भारतीय मजदूर संघ इन दिनों अपने स्थापना का 70वीं वर्षगांठ मना रहा है। 23 जुलाई 1924 से प्रारंभ होकर 23 जुलाई 1925 तक चलने वाले इस अभियान में सालभर वृहद् कार्यक्रम आयोजित किये गये है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक श्री गुरूजी के वैचारिक कल्पना व निर्देश पर संघ के वरिष्ठ प्रचारक दंतोपत ठेंगड़ी ने गैर राजनीतिक श्रम संगठन की शुरूआत की थी।

शून्य से सृष्टि तक के निर्माण में श्रम की महत्ता रही है, सभी कालखंडो में निर्माण की प्रक्रिया सतत् चलती रही है। इन कालखंडों में मालिक एवं मजदूर का आपस में संबंध था, उस समय भी राजा रजवाड़ों के द्वारा श्रमिकों को कार्य के बदले पारिश्रमिक दिया जाता था, मनुस्मृति, शुक्रनीति, भीष्मनीति, नारदनीति एवं विश्वकर्मा पुराण में श्रमनीति का विस्तार से वर्णन है। भारतीय मजदूर संघ इन्ही नीतियों के आधार पर ट्रेड यूनियन क्षेत्र में श्रमिकों के लिये निरंतर संघर्ष कर रहा है। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने एक प्रेस बयान में बताया कि भामसं के 70वें वर्ष पर श्रमिक संपर्क पखवाड़ा 1 दिसंबर से 15 दिसंबर के मध्य हो रहा है जिसमें संगठित व असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के बीच भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ता जाकर संगठन की नीतियों, सिद्धांतो के संबंध में पत्रक वितरण करेंगे व श्रमिक क्षेत्र से संपर्क साधेगें, इस हेतु जिले के सभी विकासखंडों सहित मोहला-मानपुर सहित खैरागढ़ जिले के विकासखंडों में व्यापक श्रमिक संपर्क पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। सभी विकास खंडों में 1 दिसंबर से कार्यकर्ता इस कार्य में लग जायेंगे। स्मरणीय है कि भारतीय मजदूर संघ ने देश के श्रमिक आंदोलनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्ष 1991 में डंकल प्रस्ताव, बहुराष्ट्रीय कंपनियों, अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष आदि के खिलाफ जिला से लेकर पूरे देशभर में धरना प्रदर्शन कर मजदूरों में जन-जागरण किया था। वर्ष 1995 में जंतर-मंतर मैदान दिल्ली में भारतीय मजदूर संघ ने विशाल प्रदर्शन किया था, 16 अप्रैल 2001 में डब्ल्यू. टीओ. के विरोध में तोड़ो-मोड़ो और छोड़ों के नारे के साथ दिल्ली में भारतीय मजदूर संघ द्वारा विशाल जुलुस रामलीला मैदान से निकालकर संसद भवन पर प्रदर्शन किया था, जिसमें लाखों की संख्या में मजदूरों ने भाग लिया था।

वर्ष 2008 में भारतीय मजदूर संघ की पहल पर असंगठित मजदूरों के लिये अनेक कल्याणकारी योजनाओं का कानून व नियम बनाया गया, जिसका लाभ आज देशभर के असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को प्राप्त हो रहा है। श्री साहू ने आगे बताया कि भारतीय मजदूर संघ मजदूरों के केवल आर्थिक अधिकारों के लिये ही संघर्ष नहीं करता बल्कि राष्ट्रहित व सामाजिक हित में निरंतर गतिशील रहता है। मार्च 2020 में जब देशभर में कोविड की महामारी शुरू हुई तो जहॉ पूरे देश में त्राही-त्राही मची हुई थी, लोग इतने घबराये हुये थे कि बीमारी से अपने सगे-संबंधियों को देखने जाने से कतराने लगे थे, वही भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूर जो अपने कार्य से लौटकर अपने घरों की ओर भूख-प्यास से तड़पते हुये आ रहे थे उनकी जगह-जगह कैंप लगाकर भोजन तथा चिकित्सा की व्यवस्था की इतना ही नहीं उन्हे उनके घरों तक पहुचाने का कार्य किया साथ ही साथ विभिन्न बस्तियों व ग्रामीण क्षेत्रों में दैनिक जीवन की सारी जरूरतें पूरी करने जॉन की परवाह किये बिना सेवा सहायता की। देश में जब युद्धकॉल की परिस्थितियॉ आई तो प्रतिरक्षा कारखानों में भारतीय मजदूर संघ के कार्यकर्ता ओव्हर टाईम बिना वेतन लिये कार्य किया यही कारण है कि भारतीय मजदूर संघ देश का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन बना हुआ है।

# तुमड़ीबोड़ स्कूल के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



राजनांदगांव(दावा)। एरोन जेन्शन मेमोरियल स्कूल तुमड़ीबोड़ के बच्चों ने गुरुद्वारा बन्दीछोड़ पातशाही 6 का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा के ज्ञानी नरिंदर सिंह ताज जी ने बच्चों को सिख धर्म के आध्यात्मिक मूल्यों और सेवा के महत्व को सरल और प्रेरक तरीके से समझाया। उनके संदेश ने बच्चों को जीवन में दान और सेवा के महत्व को सिखाया। स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती पल्लवी राव ने भी इस अवसर पर अपने विचार साझा किए और बच्चों को धर्म, संस्कृति और मानवता के प्रति जागरूक बनने के लिए प्रेरित किया। भ्रमण के दौरान सभी बच्चों ने गुरुद्वारे के पवित्र लंगर प्रसाद का भी आनंद लिया। यह यात्रा न केवल आध्यात्मिक शिक्षा का स्रोत बनी, बल्कि बच्चों के भीतर सेवा, समर्पण और परोपकार की भावना को भी मजबूत किया।

# आरक्षक भर्ती की जानकारी मुख्यमंत्री व गृहमंत्री को न होना संभव नहीं - अभिमन्यु मिश्रा



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा ने आरक्षक भर्ती मामले में कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि उच्च न्यायालय के भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगने से अभ्यर्थियों को हो रही परेशानी के साथ-साथ सरकार की भी पोल खुल गई है व छत्तीसगढ़ शासन की देशभर में बदनामी भी हुई है।

एक्सटेंशन पर चल रहे प्रदेश के डीजीपी द्वारा अवर सचिव को पत्र लिखा गया जिसमें पुलिस विभाग के कर्मियों के परिजनों को फिजिकल टेस्ट में विभिन्न बिंदुओं पर प्राथमिकता देने की बात कही गई जो कि मान भी ली गई और नियमो को ताक पर रख चयन प्रक्रिया भी शुरू हो गई किंतु मुख्यमंत्री व गृहमंत्री को इसकी कोई जानकारी नहीं यह किसी हाल में संभव नहीं है।

ऐसे में शासन का रवैया इसमें पूर्णतः सवालों के घेरे में है या तो अगर पहले से जानकारी थी तो क्या जान बूझ कर प्रक्रिया शुरू की गई जिससे आगे जा कर मामला कोर्ट में अटके या सुनियोजित तरीके से चुनिंदा लोगों को चयनित करने की बड़ी साजिश रची जा रही थी इस मामले पर जल्द से जल्द कार्यवाही होनी चाहिए व चयन की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ की जानी चाहिए क्योंकि शासन प्रशासन की नाकामी का भुगतान अभ्यर्थी भुगते ये बिल्कुल उचित नहीं है ।

# पारीखुर्द स्कूल में मनाया गया संविधान दिवस




राजनांदगांव (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पारीखुर्द, संकुल -भर्रेगाँव में संविधान दिवस मनाया गया। प्राथमिक व माध्यमिक शाला के बच्चों व शिक्षकों ने एक साथ संविधान की प्रस्तावना का विधिवत् वाचन किया।

संविधान दिवस को विशेष रूप से मनाते हुए बच्चों ने संविधान निर्माण व देश की आजादी में अमूल्य योगदान देने वाले महान विभूतियों जैसे- बाबा साहेब अम्बेडकर, गाँधी जी, चाचा नेहरु, रानी लक्ष्मीबाई, रानी दुर्गावती, सावित्री फुले जी व चिकित्सक की वेशभूषा धारण कर उनके संवाद प्रस्तुत किए। साथ ही बच्चों ने संविधान दिवस विशेष सुंदर रंगोली व चित्रों का भी प्रदर्शन किया। शाला के प्रधान पाठक शिव कुमार सेवता, शिक्षिकाओं श्रीमती विभा सिंहमारे व सुश्री पुष्पलता देवांगन द्वारा संविधान दिवस संबंधी विशेष जानकारियाँ बच्चों को दी गई।

# पशुपालकों को गोकुल नगर में आबंटित शेड में अपने पशुओं को रखने के दिए निर्देश




राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में नेशनल हाईवे एवं अन्य सड़कों पर पशु विचरण की रोकथाम एवं व्यवस्थापन के संबंध में जिले के उद्योगों एवं सरपंच, सचिवों की बैठक ली। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि पशुओं के सड़कों पर विचरण एवं बैठने के कारण पधुधन और जनधन हानि की संभावना बनी रहती है। इसके लिए हमें पशुओं को व्यवस्थित स्थान जहां पर चारा, पानी, छाव सभी प्रकार की व्यवस्था हो ऐसे स्थानों पर रखना होगा। उन्होंने उद्योगों और सरपंचों को आपसी समन्वय बनाकर अपने-अपने क्षेत्र के पशुओं के व्यवस्थापन की व्यवस्था करने कहा। उन्होंने घुमंतू पशुओं को पशु आश्रय स्थल में स्वेच्छा से चारा-पानी की व्यवस्था करने उद्योगों एवं ग्राम पंचायत के सरपंचों को कहा। उन्होंने सरपंच एवं सचिवों को मवेशियों के लिए अपने-अपने स्तर पर गांव में रखने के लिए व्यवस्था करने कहा, जिससे पशु सड़क पर नहीं बैठे। उन्होंने पशु आश्रय स्थलों में पैरादान करने कहा। उन्होंने ग्रामों में ग्रामसभा और गौसभा आयोजित कर नागरिकों को पैरादान के लिए जागरूक करने कहा।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि शहर के चौक-चौराहों में पशु बैठे रहते हैं। उन्होंने पशुपालकों को अपने पशुओं को घर पर ही रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर के पशुपालकों को पशु को रखने के लिए गोकुल नगर में शेड आबंटित किया गया है। जिन पशुपालकों द्वारा अपने पशुओं को गोकुल नगर में नहीं रखा जा रहा है उनका चिन्हांकन कर उन्हें आबंटित शेड को निरस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सभी पशु स्थलों में रखे मवेशियों की नियमित जांच कराने के लिए रोस्टर में डॉक्टरों की ड्यूटी लगाने के निर्देश पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को दिए। इस अवसर महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र श्री साहू, व्ही. वर्गीस, उपसंचालक पशु चिकित्सा डॉ. अनुप चटर्जी सहित उद्योगों के प्रतिनिधि एवं सरपंच, सचिव उपस्थित थे।

# ग्रामीण युवा कौशल प्रशिक्षण संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान के तहत ग्रामीण युवा कौशल प्रशिक्षण अंर्तगत कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव द्वारा ग्रामीण युवाओं के लिए फलों एवं सब्जियों के कटाई पश्चात प्रसंस्करण व पैकेजिंग विषय पर सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशिक्षित कर उनके कौशल का विकास करना था।

प्रशिक्षण में 28 युवाओं को फलों एवं सब्जियों के कटाई पश्चात प्रसंस्करण व पैकेजिंग एवं उसके प्रसंस्कृत पदार्थ तैयार करने की विधि के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने युवाओं को जैम, जैली, आचार, पापड़, बड़ी, मशरूम पकोड़ा एवं अन्य व्यंजन बनाने की प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया। केन्द्र के वैज्ञानिक श्रीमती अंजली घृतलहरे, डॉ. नूतन रामटेके, डॉ. योगेन्द्र श्रीवास द्वारा युवाओं को फ्रोजन मटर बनाने की प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया।

# दिग्विजय महाविद्यालय में 'वित्तीय जागरूकता' विषय में एक दिवसीय कार्यशाला




**राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में मानव संसाधन विकास प्रकोष्ठ के द्वारा एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का विषय ''वित्तीय जागरूकता'' रहा।**

उक्त कार्यशाला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.किरण लता दामले के निर्देशन में तथा मानव संसाधन विकास प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ.प्रीति बाला टॉक के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। उक्त कार्यशाला टाटा एआईए के क्लस्टर मैनेजर अमित सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में टाटा एआईए की ओर से कुलदीपक तथा श्री बिसेन भी उपस्थित रहे। इस कार्यशाला के अंतर्गत महाविद्यालय के कर्मचारियों का अधिकारियों को टाटा एआईए से संबंधित डिजिटल भुगतान, बीमा एनिवेश के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई तथा सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग व्यवहार के संबंध में जानकारी दी गई। ग्राहकों के अधिकारों के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में शंका समाधान एवं समस्याओं के संबंध में चर्चा की गई। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# जलवायु परिवर्तन के संबंध में डॉ. डाकेश्वर वर्मा की पुस्तक ऑस्ट्रेलिया (एल्सेविएर) में प्रकाशित



राजनांदगांव (दावा)। श्मरीन मोलेकुल्स फ्रॉम ऐल्गी एंड सायनोबैक्टेरियाश एल्सेविएर, कैम्ब्रिजद्वारा प्रकाशित पुस्तक में प्राकृतिक समुद्री स्त्रोतों से प्राप्त उत्पादों का सामाजिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण तथ्यों को उजागार किया गया है। समुद्री पारिस्थितिक तंत्र में विशाल जैविक विविधता मानव समाज को लाभ पहुंचाने के लिए संभावित जैव प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों के साथ, जैव संसाधनों के लिए एक उत्कृष्ट प्राकृतिक भंडार प्रदान करती है।

समुद्री अणु, छोटे अणुओं से लेकर मेटाबोलाइट्स और बड़े अणुओं जैसे प्रोटीन, लिपिड और कार्बोहाइड्रेट तक, समुद्री जीवों द्वारा उत्पादित रासायनिक यौगिक हैं जो जीवित जीवों के मूलभूत निर्माण खंड हैंए और इसलिए, उनकी उपस्थिति और उचित सांद्रता शारीरिक संरचना के लिए महत्वपूर्ण हैं। आजकल, इस बात के प्रमाण बढ़ गए हैं कि समुद्री संसाधनों का उपयोग भोजन, कॉस्मेटिक और दवा खोज अनुप्रयोगों में किया जा सकता है। दूसरी ओर, जलवायु परिवर्तन समुद्री पर्यावरण में नए जहरीले चयापचयों के प्रसार और विस्तार को बढ़ावा देता है। यह पुस्तक रसायन विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में समुद्री जैव अणुओं और उनके औद्योगिक अनुप्रयोगों के संबंध में नए विकास एकत्र करती है। जैसा कि इस पुस्तक के माध्यम से देखा गया है, जैव अणु समुद्री जीवों के मूलभूत निर्माण खंड हैं, और इसलिएए बुनियादी अवधारणाओं और उनके अनुप्रयोगों और उन्हें समृद्ध करने के लिए संबंधित पद्धति का बड़े पैमाने पर अध्ययन किया जाता है।

यह पुस्तक रसायनज्ञों के लिए लाभकारी है क्योंकि इसमें शैक्षणिक और साथ ही औद्योगिक उद्देश्यों के लिए जैव अणुओं के अलगावए लक्षण वर्णन और अनुप्रयोगों को संबोधित किया गया है। इन सभी विषयों को डॉ. पाज़ ओटेरो और डॉ.डी.के. वर्मा ने एक पुस्तक में संबोधित किया हैए जो बायोमोलेक्यूल्स के बुनियादी सिद्धांतों, संरचना स्पष्टीकरण, स्त्रोतों, महत्वपूर्ण विशेषताओं और औद्योगिक अनुप्रयोगों पर चर्चा करती है। पुस्तक विभिन्न साइनोबैक्टीरिया प्रजातियों के बारे में निष्कर्षण प्रक्रियाओं के अनुकूलन की पेशकश करती है। एल्सेवियर एक प्रकाशक है, जिसका कार्यालय 50 हैम्पशायर सेंट, 5वीं मंजिल, कैम्ब्रिज, एम, 02139, यू.एस.ए. है, ने हाल ही में हमें 'शैवाल और सायनोबैक्टीरिया से समुद्री अणुरू निष्कर्षण, शुद्धिकरण' विषय पर एक नई पुस्तिका के प्रकाशन के लिए अधिकृत किया है। प्राकृतिक समुद्री स्त्रोतों से प्राप्त उत्पादों में महत्वपूर्ण सामाजिक रुचि है। समुद्री पारिस्थितिक तंत्र में विशाल जैविक विविधता समाज को लाभ पहुंचाने के लिए संभावित जैव प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों के साथए जैव संसाधनों के लिए एक उत्कृष्ट प्राकृतिक भंडार प्रदान करती है।

समुद्री अणु, छोटे अणुओं से लेकर मेटाबोलाइट्स और बड़े अणुओं जैसे प्रोटीनए लिपिड और कार्बोहाइड्रेट तकए समुद्री जीवों द्वारा उत्पादित रासायनिक यौगिक हैं जो जीवित जीवों के मूलभूत निर्माण खंड हैंए और इसलिएए उनकी उपस्थिति और उचित सांद्रता संरचना के लिए महत्वपूर्ण हैं। और समुद्री जीवित कोशिकाओं का उचित कार्य।

आजकल इस बात के प्रमाण बढ़ गए हैं कि समुद्री संसाधनों का उपयोग भोजन, कॉस्मेटिक और दवा खोज अनुप्रयोगों में किया जा सकता है। पुस्तक रसायन विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में समुद्री जैव अणुओं और उनके औद्योगिक अनुप्रयोगों के संबंध में नए विकास एकत्र करती है। जैसा कि इस पुस्तक के माध्यम से देखा गया है, बायोमोलेक्युलस समुद्री जीवों के मूलभूत निर्माण खंड हैं, और इसलिए, बुनियादी अवधारणाओं और उनके अनुप्रयोगों और उन्हें समृद्ध करने के लिए संबंधित पद्धति का बड़े पैमाने पर अध्ययन किया जाता है। यह एकमात्र पुस्तक है जो इंजीनियरिंग और विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में समुद्री जैव अणुओं और आधुनिक औद्योगिक अनुप्रयोगों की कालानुक्रमिक प्रगति प्रदान करती है। यह पुस्तक नए शिक्षार्थियों के लिए समुद्री अणुओं के मूलभूतए मूलभूत और आधुनिक अनुप्रयोगों के बारे में मूल्यवान स्त्रोत के रूप में काम करेगी। वैज्ञानिकोंए जैव रसायनज्ञ, पोषण विशेषज्ञ, फार्मासिस्ट और इंजीनियरों के लिए एक मूल्यवान संदर्भ के रूप में कार्य करता है जो समुद्री अणुओं के आधुनिक डिजाइन और अनुप्रयोगों की खोज कर रहे हैं। पुस्तक में प्राकृतिक जैव.अणु संश्लेषण और शुद्धिकरण प्रक्रिया और उनके आधुनिक अनुप्रयोगों को शामिल किया जाएगा।

डॉ. वर्मा के इस प्रकाशित पुस्तक को टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 के अनुसार दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालय ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय, मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, हार्वर्ड विश्वविद्यालय, प्रिंसटन विश्वविद्यालय, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय एवं ह्यूमैनिटास विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में शामिल किया गया है।

# भोलाराम साहू ने किया सोसायटियों का निरीक्षण




अंबागढ़ चौकी (दावा)। खुज्जी विधानसभा के विधायक भोला राम साहू विकासखंड के ग्राम बाँधाबाजार, आमाटोला, चिल्हाटी के सोसायटी का ओचक निरिक्षण किया।

किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं प्रबंधक को 191 आवश्यक दिशा निर्देश दिया भोलाराम साहू ने भाजपा सरकार पर वादा खिलाफ़ी का आरोप लगाते हुए कहा की 19 से 25 नवंबर तक नए किसानों के धान खरीदी के लिए पंजीयन वन भूमि पट्टा रेगहा एवं लीज में दिया गया किसानों का पंजीयन किया जायेगा किन्तु 22 नवंबर को ही लिंक लाक कर दिया गया। किसान तहसील कार्यालय का चक्कर लगाकर मायूस बैठ गए इधर पर्याप्त बारदाना नहीं होने से किसान परेशान तथा बाजार से 70 रूपये में बारदाना खरीदने मजबूर हैं साथ ही आन लाइन टोकन सिस्टम में किसानो की परेशानी बढ़ा दी हैं जिस सोसायटी में बारदाना होने के बाद भी किसानों से बारदाना मांग रहे हैं। 3100 रूपये प्रति क्विंटल धान की राशि एक मुस्त देने की बात भाजपा चुनाव पहले घोषणा किया था किन्तु नहीं दे रही है विधायक ने कहा हम लोग किसानो के साथ खडे हैं किसी भी प्रकार की समस्या होने पर किसानो के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन करने की बात कहीं।

# महाविद्यालय में संविधान दिवस मना



ठेलकाडीह (दावा)। शासकीय नवीन महाविद्यालय, ठेलकाडीह में 26 नवम्बर 2024 को संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता डॉ.बी.आर. अम्बेडकर जी के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिसमें संविधान के प्रस्तावना का वाचन किया गया। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा संविधान के विषय में अपने विचार प्रस्तुत किये गये। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एल.सी. सिन्हा सर द्वारा संविधान की मौलिकता एवं महत्व को रेखाकिंत किया गया। सहायक प्राध्यापक श्री सी.एस. राठौर सर ने संविधान पढ़ने और उसके औचित्य के बारे में जानकारी प्रदान की। अतिथि व्याख्याता हेमंत जांगड़े सर ने विद्यार्थियों को संविधान के प्रस्तावना का शपथ दिलाया साथ ही अपने अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। अंत में अतिथि व्याख्याता सुश्री प्राची अम्बादे ने शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए आभार प्रदर्शित किया। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक



मोहला (दावा)। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति एवं पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने आज जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेकर जिले में सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने और सड़क दुर्घटना रोकने के लिए सभी प्रकार के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने संवेदनशीलता के साथ कहा कि सड़क दुर्घटना से आकस्मिक मौत किसी परिवार के लिए वज्रपात की तरह है। उन्होंने कहा कि आकस्मिक मौत परिवार के लिए अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने कहा कि जिले के अंतर्गत दुर्घटना जन्य स्थानों का चिन्हांकन कर दुर्घटना को रोकने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें। साथ ही दुर्घटना होने के कारणों को भी संज्ञान में लेकर समस्या को दूर करने के लिए कार्ययोजना तैयार करने कहा है।

पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने आवश्यकता अनुसार गति अवरोधक बनाने, दुर्घटना जन्य स्थल पर रेडियम प्लेट लगाने, क्षतिग्रस्त सड़कों का मरम्मत करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य मार्गों पर अवैध कब्जा और अतिक्रमण को हटाने निर्देशित किया गया है। सड़क दुर्घटना को रोकने की दिशा में दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट अनिवार्य से पहने एवं चार पहिया वाहनों को सीट बेल्ट बांधने के लिए जन जागरूकता लाने कहा गया है। साथ ही लोगों को यह समझाइश देने कहा गया है कि शराब सेवन कर वाहन ना चलाएं। शराब सेवन कर दो पहिया और चार पहिया वाहन चालकों पर जुर्माने की कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है। कलेक्टर ने जिले में मोटर साइकिल विक्रेता एजेंसियों को वाहन विक्रय के दौरान हेलमेट अनिवार्य रूप से वाहन क्रय कर्ता को निर्धारित राशि के साथ मुहैय्या कराने के लिए एजेंसियों को निर्देशित करने कहा है। बिना लाइसेंस के वाहन चालकों पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी वाहन चालकों के लिए ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य किया गया है। लोगों को आसानी से ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की सुविधा मिल सके, इसके लिए समय-समय पर लर्निंग लाइसेंस बनाने हेतु शिविर का आयोजन करने कहा गया है।

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने एक नई परंपरा की शुरुआत करते हुए विभिन्न दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की सहायता करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने कहा गया है। यह प्रयास सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को राहत एवं सहायता पहुंचाने के लिए अन्य व्यक्तियों के लिए प्रेरित कारी होगा।

बैठक में हिट एंड रन के संबंध में त्रैमासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि अज्ञात वाहन से दुर्घटना के चलते मृत्यु हो जाने की दशा में 2 लाख रुपए एवं घायल हो जाने पर 50 हजार रुपये सहायता राशि देने का प्रावधान है। बैठक में ग्राम पंचायत धोबेदण्ड के पास जिंग जैग बैरिकेड लगाने पर विचार किया गया है। इसी प्रकार बिहरीकला मुख्य मार्ग पर लगने वाले सब्जी बाजार को विस्थापित कर समुचित स्थल का व्यवस्था के लिए आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है। नल जल योजना अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने के दौरान खोदे गए गड्ढे को ठेकेदार के माध्यम से शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश दिए गए है। ऐसे सड़कों को खोद कर खुला छोड़ देने और मरम्मत नहीं किए जाने पर संबंधित ठेकेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, आबकारी विभाग, लोक निर्माण विभाग, औषधि प्रशासन विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म देखकर हुए भावुक

**फिल्म निर्माता और कलाकारों के अद्भुत अभिनय पर उन्हें बधाई देते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने गोधरा हिंसा से प्रभावित सभी लोगों के प्रति व्यक्त की संवेदनाएं**

**इस फिल्म ने गोधरा में हुई हिंसा का सत्य देश के सामने लाने का काम किया है - डॉ. रमन सिंह**



राजनांदगांव (दावा)। हाल ही में देशभर में चर्चा का विषय बनी फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' ने दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया है। आज दोपहर 3:00 बजे राजनांदगांव विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नागरिकों और कार्यकर्ताओं के साथ गंज मंडी स्थित सिल्वर स्क्रीन सिनेमा हॉल में इस फिल्म को देखा। फिल्म के दौरान वे उसके जीवंत दृश्यों से इतने प्रभावित हुए कि भावुक हो गए। उन्होंने विशेष रूप से राम मंदिर आंदोलन में हुए संघर्ष को याद करते हुए कहा कि यह फिल्म सच का दर्पण है।

फिल्म के दौरान उनके साथ प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, दिनेश गांधी, संतोष अग्रवाल, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, कोमल सिंह राजपूत, लीलाधर साहू, सावन वर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मोनू बहादुर, गिन्नी चावला, मधु बैद, भावेश बैद, सुमीत भाटिया, मूलचंद भंसाली समेत बड़ी संख्या में नागरिक और भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म राम मंदिर आंदोलन के ऐतिहासिक संघर्ष की सजीव झलक प्रस्तुत करती है, जिससे लोगों को उस समय की कड़ी चुनौतियों और संघर्षों की गहरी समझ मिलती है। यह फिल्म उन सभी लोगों के संघर्ष और बलिदान को समर्पित है जिन्होंने इस आंदोलन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### कार्यकर्ताओं संग गणमान्य नागरिक हुए शामिल

राजनांदगांव (दावा)। देश में इन दिनों तहलका मचा रही 'द साबरमती रिपोर्ट' दर्शकों को अपनी ओर खासे खींच रही है। आज दोपहर 03 बजे क्षेत्रीय विधायक व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह नागरिकों व कार्यकर्ताओं के साथ गंज मंडी स्थित सिल्वर स्क्रीन पर यह फिल्म देखी। वे फिल्म में दिखाये जीवंत दृश्यों को लेकर अत्यंत भावुक हुये, राम मंदिर आंदोलन को लेकर किये गए संघर्ष को याद किया और कहा कि फिल्म सच का दर्पण है। इस दौरान उनके साथ प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, दिनेश गाँधी, संतोष अग्रवाल, देवीशरण खंडेलवाल, कोमल सिंह राजपूत, लीलाधर साहू, रविन्द्र वैष्णव, सावन वर्मा, गिन्नी चावला, भाजयुमो के जिलाध्यक्ष मोनू बहादुर, पारुल जैन, मणी भास्कर, रघुवीर वाधवा, डॉ. रेखा मेश्राम, श्रीमति प्रतिक्षा भंडारी, कृष्णा तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में नागरिक व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आयुर्वेद केवल ईलाज प्रक्रिया नहीं, बल्कि स्वस्थ व्यक्ति बीमार नहीं पड़े, इसकी व्यवस्था है - विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

**विधानसभा अध्यक्ष मोतीपुर में आयोजित जिला स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला में हुए शामिल**



- शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन एवं गुरूघासीदास भवन का किया भूमिपूजन
- हमर अस्पताल शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोतीपुर के उन्नयन कार्य का किया लोकार्पण

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज राजनांदगांव शहर के मोतीपुर में आयोजित जिला स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन एवं गुरू घासीदास भवन के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने 75 लाख रूपए की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन एवं 10 लाख रूपए की लागत से गुरू घासीदास भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। इसके साथ ही 37.17 लाख रूपए की लागत से बने हमर अस्पताल शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोतीपुर के उन्नयन कार्य का लोकार्पण किया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज पूरी दुनिया में येलोपैथी से हटकर आयुर्वेद और योगा की बड़ी मान्यता है। पहले बड़ी संख्या में लोग ईलाज के लिए केरल, बैंगलोर और हैदराबाद में पंचकर्म कराने के लिए जाते थे। आज पंचकर्म की सर्वसुविधा यहां उसी पद्धति से चिकित्सकों द्वारा दी जा रही है। पंचकर्म के माध्यम से सभी प्रकार की बीमारियों का ईलाज किया जाता है। आयुर्वेद में केवल ईलाज प्रक्रिया नहीं है, बल्कि स्वस्थ व्यक्ति बीमार नहीं पड़े, इसकी व्यवस्था है। इसमें सभी प्रकार की दिनचर्या या ऋतुचर्या, योग, प्राणायाम भी शामिल है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं आयुर्वेद के चिकित्सक है और जीवन की शुरूआत इसी से की। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने कार्यकाल में आयुष विभाग का गठन किया और आज छोटे-छोटे स्थानों में इस प्रकार के शिविर लग रहे हैं। आयुर्वेद के तहत शत-प्रतिशत गारंटी के साथ बिना किसी रियेक्शन एवं एलर्जी के यहां पर ईलाज की व्यवस्था होती है। उन्होंने कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा एक साथ योग नृत्य प्रदर्शन पर उन्हें बधाई दी। इसके साथ ही सार्वजनिक रूप से प्रतिदिन प्रातः योगाभ्यास कराने वालों को भी बधाई दी। विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने कहा कि 25 लाख रूपए की लागत से मोतीपुर रेल्वे क्रांसिंग से लेकर मुक्तिधाम तक डामरीकरण, वार्ड नंबर 3 में मंगल भवन के लिए 25 लाख रूपए, बड़े तालाब के किनारे नाली निर्माण के लिए 15 लाख रूपए, सड़क किनारे पेवर ब्लॉक के लिए 11 लाख 50 हजार रूपए, फुलवारी पारा में नाली निर्माण के लिए 5 लाख रूपए, वार्ड नंबर 8 की गलियों में सीसी रोड निर्माण के लिए 15 लाख रूपए, मुक्तिधाम में नाली निर्माण के लिए 38 लाख रूपए, मुक्तिधाम में बाउंड्री निर्माण के लिए 18 लाख रूपए और वार्ड नंबर 3 में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 7 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है।

पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कहा कि आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन लोगों में विशेष रूप से आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। शहरी स्वास्थ्य योजना जब लागू हुई तब यहां स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित हुआ था। उन्होंने कहा कि इस स्वास्थ्य केन्द्र के निरंतर विकास के लिए प्रयास किया जा रहा है और आने वाले समय में विस्तृत रूप लेगा। उन्होंने कहा कि शासन का प्रयास आम जन को स्वस्थ रखना है और इसके लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार दोनों ही संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा आयुष को एक अलग मंत्रालय के रूप में बनाया गया और इससे लोगों में स्वास्थ्य के प्रति सजगता भी आ रही है। राज्य सरकार के प्रयास से आम जन को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है।

राज्य शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विकास की प्रक्रिया प्रारंभ हुई है, इससे शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के कार्य जारी है। इस अवसर पर उन्होंने सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 7 लाख रूपए की मांग भी रखी। इससे पहले जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत करने के साथ विभागीय प्रतिवेदन का वाचन भी किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं ने योग नृत्य का प्रदर्शन भी किया, जिसकी अतिथियों ने सराहना की। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सचिन बघेल, खुबचंद पारख, रमेश पटेल, संतोष अग्रवाल, कोमल सिंह राजपूत, पार्षद शिव वर्मा, किशुन यदु, कमलेश बंधे, श्रीमती रंजू मदन यादव, सुश्री मणिभास्कर गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# नाबालिक का दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को भेजा गया जेल



राजनांदगांव (दावा)। लालबाग थानांतर्गत तुमड़ीबोड पुलिस चौकी के एक नाबालिग का दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को पकड़ कर जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया गया है। आरोपी का नाम शिवकुमार खुटेल पिता स्व. बिन्देदास खुटेल उम्र 21 साल निवासी ग्राम धौराभाठा बताया जाता है।

चौकी प्रभारी राकेश कुमार मन्नाडे के अनुसार गत 28 नवंबर को प्रार्थी थाना लालबाग आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 16.08.2023 को दोपहर लगभग 12 बजे आरोपी द्वारा इनके घर से इनकी नाबालिग बेटी उम्र 16 साल 11 माह को भगाकर ले गया और उससे शादी कर अपने घर में रखा था और लगातार पीड़िता का शारीरिक शोषण करता रहा जिससे पीड़िता गर्भवती हो गयी जिसे प्रसव हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, पीड़िता अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया है। प्रार्थी की उक्त रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 538/24 धारा 363, 366, 376(2)(ढ़), 376(3) भादंवि. 4, 6 पाक्सो एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। घटना की जानकारी से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। इस पर जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन में प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तत्काल टीम गठित कर आरोपी शिवकुमार खुटेल को शुक्रवार 29 नवंबर को विधिवत गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया। जहां से न्यायालयीन आदेश से आरोपी शिवकुमार खुटेल को जिला जेल भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी श्री मन्नाडे सहित सउनि चंपेश ठाकुर, आरक्षक रवि कुमार वर्मा लंकेश्वर निराला, चालक आरक्षक शेष नारायण सिन्हा की सराहनीय भूमिका रही।

# पटरी पार क्षेत्र मोतीपुर वार्ड से ही पार्षद व महापौर बनेंगे- डॉ. रमन सिंह



- डॉ. सिंह ने कांग्रेस को लिया आड़े हाथ
- डोंगरगढ़ के लिए केंद्र सरकार की महत्ती योजना के लिए सांसद व मंत्री को दी बधाई

राजनांदगांव (दावा)। मोतीपुर प्राथ. शाला प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन करने पहुंचे छ.ग. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पत्रकारों से मुखातिब हुए और उनके कहे व्यक्तव्य कि पटरी पार से ही पार्षद व महापौर बनेंगे को स्पष्ट करते हुए डॉ सिंह ने कहा कि मोतीपुर वार्ड से पार्षद बनेंगे और आने वाले समय में नगर निगम चुनाव में जीत कर जाएंगे उन्हीं में से महापौर बनेंगे। उन्होंने कहा कि यह तो पूरे शहर के लिए है। यह लोगों को तय करना है कि अधिकार इन्हीं के हाथों में रहेगा।

एक अन्य सवाल के जवाब में कि धान खरीदी का उठाव नहीं हो रहा, कांग्रेस निगरानी समिति बनाएगी, इस पर जवाब देते हुए डॉ. रमन ने कहा कि कांग्रेस कोयला की निगरानी समिति बना लें, शराब की बना लें, सट्टा- जुएं की बना लें, पांच साल तक, कितने लोग जेल के अंदर है, तब भी पेट नहीं भर रहा क्या?

डॉ. सिंह ने धर्मनगरी डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी के लिए केंद्र सरकार की महत्ती योजना के लिए केंद्रीय मंत्री सहित जिले के सांसद संतोष पाण्डे को बधाई दी है।

# राजनांदगांव ग्रामीण में 175 बकायेदारों से वसूली की गई 15 लाख 77 हजार की राशि



**काटे गए 70 बिजली कनेक्शन**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं से बकाया राजस्व वसूली के लिए व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है। जिसमें अर्जुनी, सिंघोला, सुरगी, जंगलपुर सहित राजनांदगांव ग्रामीण क्षेत्र में डिस्कनेक्शन के लिए गठित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीमों द्वारा 175 बकायादार उपभोक्ताओं से 15 लाख 77 हजार रूपए की राशि की वसूली की गई तथा समझाइश के बाद भी बिजली बिल का भुगतान नही करने वाले 70 बकायादारों के विद्युत कनेक्शन काटी दी गई है। विदित हो कि बिजली कंपनी द्वारा बिजली बिल देयकों के भुगतान में विलंब होने पर उपभोक्ताओं का लगातार ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा है, जिससे वे बिजली बिल समय पर जमा कर देवें। मैदानी अधिकारी एवं उनकी टीम बकायेदार उपभोक्ताओं के पास स्वयं पहुंचकर बिजली बिल पटाने के लिए अनुरोध भी कर रहे हैं।

कार्यपालन अभियंता आर.के. गोस्वामी ने बताया कि घरेलू एवं गैर घरेलू कनेक्शनों के बकायेदारों के साथ ही औद्योगिक श्रेणी के बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेदन एवं बकाया राशि वसूली की कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान के तहत राजनांदगांव राजनांदगांव ग्रामीण क्षेत्र के 70 उपभोक्ताओं के कनेक्शन जिन पर 11 लाख रूपए की राशि बकाया था, ऐसे बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन बकाया भुगतान नहीं किये जाने पर काट दिए गये हैं। इस अभियान साथ ही उपभोक्ताओं को लाइन विच्छेदन से बचने के लिए समय पर विद्युत बिल राशि का भुगतान मोर बिजली ऐप के माध्यम से करने के लिए प्रेरित किया गया और उन्हें छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदत्त 400 यूनिट तक हॉफ बिजली बिल योजना के संबंध में भी जानकारी दी गयी।

बिजली बिल की राशि अधिक होने की शिकायत लेकर अर्जुनी वितरण केंद्र पहुंचे उपभोक्ताओं को मैदानी अधिकारियों द्वारा केंद्र शासन द्वारा संचालित पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 300 यूनिट तक फ्री बिजली एवं शासन द्वारा प्रदत्त सब्सिडी के बारें में जानकारी भी दी गयी। उन्होने बकायादार उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि विद्युत देयकों का भुगतान नियमित रूप से करें ताकि विच्छेदन की कार्यवाही से होने वाली असुविधा से बचा जा सके। बिजली बिल का नियमित भुगतान नहीं करने पर उपभोक्ताओं को राज्य सरकार की बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ भी नही मिल पायेगा। क्योंकि बिजली का नियमित भुगतान नहीं होने से वे स्वतः अपात्र हो जायेंगें।

**आवश्यकता है**

दैनिक अखबार में काम करने हेतु (रात्रिकालीन) हेल्पर की

मिलने का समय दोप. 12 से शाम 6 बजे तक

संपर्क करें दैनिक दावा बलदेव बाग, राजनांदगांव

**प्लॉट बेचना है**

राजनांदगांव पेन्ड्री में नेशनल हाईवे से 100 मीटर की दूरी पर डायवर्टेड आवासीय प्लॉट

रोड, नाली, बिजली की सुविधा उपलब्ध

- : संपर्क :- 62641-56342

# राज्य स्तरीय सुन्दर काण्ड गायन में युगांतर द्वितीय



राजनांदगाँव (दावा)। भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं ने राज्य स्तरीय सुंदर कांड गायन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए विद्यालय का नाम का गौरवान्वित किया है।

उक्त राज्य स्तरीय सुंदर कांड प्रतियोगिता गायत्री विद्यापीठ में आयोजित हुई थी। उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता में श्रुति पर्यानी के ओजस्वी व्याख्यान और विपुल सोमकुंवर, मोक्ष जैन एवं गरिमा झाम्ब, अंकिता राय, ऋद्धिमा झा, राशि जोशी, आराध्या जैन, वर्णिका तिवारी के भक्ति-भाव पूर्ण गायन ने दर्शकों को काफी प्रभावित किया। इसकी बदौलत इन सभी विद्यार्थियों को अविस्मरणीय सफलता प्राप्त हुई। विद्यार्थियों के व्याख्या पक्ष को तैयार करने में हिंदी विभागाध्यक्ष वी.एन. राय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इसी तरह संगीत पक्ष को तैयार करने में संगीत शिक्षक गोपी प्रसाद पटेल, अक्षय केहरी, आकांक्षा चतुर्वेदी, टी विशाल व लवली पॉल ने भी संयुक्त रूप से महती भूमिका निभाई। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मधु पी चौधरी, चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी सहित युगांतर परिवार ने बधाई दी।

# आज राजीव दीक्षित मंच के द्वारा विचार संगोष्ठी

राजनांदगांव (दावा)। राजीव दीक्षित मंच छत्तीसगढ़ जिला राजनांदगांव इकाई के द्वारा आज 30 नवंबर, दिन-शनिवार को स्वदेशी के प्रखर व मुखर वक्ता अमर बलिदानी भाई राजीव दीक्षित की जयंती व पुण्यतिथि के पुण्य स्मरण दिवस को स्वदेशी दिवस के रूप में मनाते हुए विचार-संगोष्ठी आयोजित किया गया है। लेबर कालोनी, तुलसीपुर मार्ग में स्थित सामुदायिक भवन, प्रगति मैदान में अपराह्न 6 बजे से प्रारंभ होने वाले इस स्वदेशी विचार संगोष्ठी कार्यक्रम में शहर के स्वदेशी चिंतकों से उपस्थिति की अपील की गई है।

# नई खुलने वाली शराब दुकानों का हिन्दू युवा मंच ने किया विरोध

राजनांदगांव (दावा)। हिन्दू युवा मंच ने सामाजिक सौहार्द्र के प्रतीक आंबेडकर चौक और श्रद्धालुओं के आस्था के केंद्र मां पाताल भैरवी (बर्फानी आश्रम) दोनों ही के निकट प्रस्तावित शराब भट्ठी खोले जाने का विरोध आज ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर संजय अग्रवाल से किया है।

उक्तशय की जानकारी देते हुए हिन्दू युवा मंच के जिलाध्यक्ष किशोर माहेश्वरी और शहर अध्यक्ष सुरेश लोहमार ने संयुक्त रूप से बताया कि, शासन द्वारा स्थानीय आंबेडकर चौक और बर्फानी आश्रम के समीप शराब दुकान खोले जाने की जानकारी मिली है। शासन का उक्त फैसला निंदनीय है और अनुचित है। इनमें से आंबेडकर चौक आंबेडकर अनुयायियों के सामाजिक सौहार्द्र का प्रतीक है तो वहीं बर्फानी आश्रम आस्था का केंद्र बिंदू है। ऐसे में दोनों ही स्थल शहर के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक हैं। इतना ही नहीं दोनों ही स्थलों के आसपास के क्षेत्र रिहायशी और शांत क्षेत्रों में गिने जाते हैं। यह संपूर्ण क्षेत्र आने वाले दिनों में एक न्यू टाउन के रूप में विकसित होने लगा है, जिसे देखते हुए कई ब्रांडेड और बड़ी कंपनियां भी यहां पर अपने शो रूम्स खोल रही है। एक ओर जहां हम एक नये और विकसित शहर की कल्पना कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शासन यहां पर शराब परोसना चाहती है। हमारे विरोध उठने से पहले शासन को स्वयं यह बात गंभीरता से सोचनी चाहिए थी। यदि ऐसे शांत और संभ्रांत क्षेत्र पर शराब दुकाने खोली जाती है, तो उक्त दोनों ही स्थल प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकेंगे। स्वाभाविक है कि, शराबियों के जमावड़े और उनके यहां-वहां बैठकर पीने से जो असुविधा क्षेत्रवासियों को होगी, उसका शासन के पास कोई समाधान भी है। खेल के मैदान अघोषित रूप से शराबियों के मयखाने में बदल जायेंगे और शैक्षणिक संस्थान अहाते बन जाएंगे। शराब दुकान खुल जाने से महिलाओं और बच्चों का वहां से गुजरना दुष्वार हो जायेगा। महिलाएं छेड़खानी का शिकार होती रहेंगी तो वहीं अबोध बच्चों पर उसका बहुत बुरा असर पड़ेगा, इसमें कोई संदेह नहीं है। आसपास शैक्षणिक संस्थान और खेल के मैदान भी हैं। वो भी प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकेंगे।

# घर का ताला तोड़कर चोरी करने वाला अंतर्राज्यीय चोर पकड़ाया

**घूम-घूमकर अपने साथी के साथ सुनसान मकान मे करता था चोरी**



राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने साइबर टीम के साथ मिलकर एक अंतर्राज्यीय चोर को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि उक्त चोर प्रार्थी के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे के फूटेज के आधार पर पकड़ा गया।वह पहले भी चोरी के 07 मामलो मे सलाखो के पीछे जा चुका है। जेल से छुटने के बाद लगातार अपने साथी के साथ चोरी के घटना को अंजाम दे रहा था। उसने महाराष्ट्र में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया था। फिलहाल वह पुलिस के गिरफ्त में है और उसके पास से चोरी के जेवरात कुल कीमती 1 लाख 15 हज़ार रूपये जब्त करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल एच.एफ. डिलक्स को भी जब्त? किया गया।

बताया जाता है कि प्रार्थी द्वारा थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि गत दिनों 22 नवंबर को शादी के काम से दोपहर मे घर में ताला लगाकर गये हुए थे। रात्रि करीब 11 बजे वापस आकर देखा तो घर का ताला टूटा हुआ था और अंदर कमरे का सामान बिखरा हुआ था आलमारी से किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा आलमारी में रखे नगदी रकम 45 हजार रू व, सोने का कर्ण फुल कीमती 45 हजार रू. एवं चांदी की दो जोड़ी पायल, बिछिया कीमत 6 हजार रू. कुल कीमत 96 हजार रू. को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया है। उक्त रिपोर्ट पर थाना लालबाग में धारा 331(4), 305 (ए) बी.एन.एस कायम कर विवेचना में लिया गया।

इस पर थाना लालबाग एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर तरीका-ए वारदात को देखते हुये एवं प्रार्थी के घर में लगे सीसीटीव्ही कैमरे के फुटेज में एक अज्ञात व्यक्ति जो घटना को अंजाम देते हुये देखा गया तथा उसका साथी रोड किनारे रेकी करते देखा गया। उक्त संदेही आरोपी का पता तलाश के लिये उक्त टीम द्वारा करीब 50 से अधिक सीसीटीव्ही कैमरा चेक किया गया तथा उस हुलिया के पुराने संदेहियो का पता तलाश किया गया।

### लखोली के बड़गापारा में रहता था अंतर्राज्यीय चोर

पुलिस द्वारा चोर को पकड़ने शहर व आस-पास के गांव मे पुख्ता मुखबीर लगाया गया। जरिये मुखबीर से सूचना मिली कि फरहद चौक के पास उसी हुलिया का व्यक्ति चोरी का सामान खपाने के लिये ग्राहक खोज रहा है कि सूचना पर घेराबंदी कर पुलिस कब्जे में लिया गया जो अपना नाम रवि साहू निवासी अटल आवास लखोली का रहना बताया जिसे पूछताछ करने पर घटना दिनांक को अपने साथी के साथ मोटर सायकल मे रामपुर की ओर गये थे जहां रोड किनारे एक मकान में जहां ताला लगा हुआ था सुनसान पाकर आरोपी रवि साहू द्वारा घर के अंदर घुसकर ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोना, चांदी व नगदी रकम को चोरी कर रोड किनारे रेकी कर रहे अपने साथी के साथ घर आ गये।

### यू-ट्यूब से सीखी सोना गलाने की विधी

अगले दिन साथी द्वारा यु-ट्युब से सोना गलाने की विधि को देखकर चोरी किए गए सोने को गलाया गया। बाद में हिस्सा बंटवारा किया गया जिससे आरोपी के हिस्से में 20 हजार रू. जिसे खर्च करना बताया? वही 2 जोडी चांदी का पैर पट्टी,व एक जोडी बिछिया तथा सोने का कर्ण फूल को गलाने के बाद उसका एक डल्ला उसे मिला और बाकी सामान उसका साथी रखा एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल एच.एफ. डिलक्स को अपने पास रखना तथा पूर्व मे सितम्बर माह मे जेल से छुटने के बाद चिचोला के पास कल्लु बंजारी गांव के एक घर मे 01 चांदी का करधन, 01 जोडी चांदी का पायल तथा 03 नग चांदी का बचकानी चूडी तथा उसके कुछ दिन बाद छत्तीसगढ के महाराष्ट्र बार्डर के पास करीब 25 कि.मी. दूर ग्राम ककोडी (कोकोडी) के एक घर से 01 जोडी चांदी का पायल व 01 चांदी के चांबी का गुच्छा चोरी किए जाने की बात कही। सभी का जुमला कीमती 01 लाख 50 हजार रू. को आरोपी रवि साहू पिता रिखी राम साहू उम्र 23 साल निवासी स्थायी पता ग्राम लछना मुढ़ीपार थाना गातापार हाल मुकाम अटल आवास वार्ड नं 32 बैगापारा लखोली के कब्जे से उसके निशानदेही पर जप्त किया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा सदर का पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर उसे जेल दाखिल किया गया। वहीं फरार आरोपी की पता तलाश जारी है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com